The question was put and the motion was adopted.

DR. ANBUMANI RAMDOSS: Sir, I introduce the Bill.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—*Contd.*

श्री उपसभापति: श्री श्रीगोपाल व्यास। आप कान्टीन्यू कीजिए।

There will be no lunch break today.

श्री श्रीगोपाल व्यास (छत्तीसगढ़): धन्यवाद माननीय उपसभापति जी, क्या कृपा कर मुझे बताएंगे कि कितना समय, आप मुझे दे रहे हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश): दस मिनट।

श्री उपसभापति: आपको समय वह देंगी।

श्री श्रीगोपाल व्यास: उपसभापति जी, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करते हुए जो धन्यवाद प्रस्ताव आया है, उसके संबंध में अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं। कल भी आपने मुझे कुछ समय दिया था, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं रामेश्वरम से आने वाले महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण का समर्थन करता, यदि उसमें निम्नलिखित बातें जोड़ी जातीं—

(1) That my Government, honouring the findings, at the instance of the Court, by the Archaeological Department that a temple exists right under the *garbh-grah* in Ayodhya, returns the land acquired in 1992 to the *Ram Janam Bhoomi Nyas* for construction of a grand temple after consulting all the concerned parties and the political parties together.

(2) That my Government, in accordance with the wishes of Mahatma Gandhi the Constitution and the Supreme Court's recent ruling in case of Gujarat, preachings of all religions, will not allow slaughter of cow and its progeny any more.

(3) That my Government will not take support of any group which feels honoured by visit of a foreign dignitary, whose country has occupied our territory and whose Ambassador declares that Arunachal Pradesh is a part of their country.

(4) That my Government will liberate the Pak-occupied Kashmir to respect the feelings of the Parliament which had resolved that it was the only matter left to be settled in respect of Kashmir.

(5) That my Government will constitute a Commission to enquire into the misuse by the Governments concerned of temple money all over the country, especially, its use for causes other than temples and the *Sewa* projects run by the temples.

(6) That my Government regrets that we could not educate our Muslim brothers and sisters, and we will treat them not as vote bank but will help them to be a part of the mainstream of the country.

(7) That my Government will explain the foreign missionaries that our country because of its great spiritual traditions and present awakening does not need them, and we have no objection to their returning to their countries to serve their own people.

(8) That my Government will preserve the age-old ties with Nepal based on Hinduism, the way of life of the entire land from the Himalayas to the Rameshwaram.

(9) That my Government will return back will Bangaldeshi infiltrators to their country.

(10) That my Government will preserve and devise means to reutilise the ancient *Rama Setu* between Bharat and Sri Lanka, which was being used as a walkway till 1480.

(11) That my Government will tell all countries to stop dishonouring the sacred symbols of worship and customs of all Indians.

With these observations, I thank you very much for giving me the time.

प्रो॰ राम देव भंडारी (बिहार): माननीय उपसभापति जी, महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा 23 फरवरी को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को जो सम्बोधित किया गया था, उस पर अपनी पार्टी की ओर से अपने विचार रखने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। मैं राष्ट्रपति जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और माननीय डा॰ कर्ण सिंह द्वारा जो धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा प्रारंभ की गई थी उस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। महोदय, मैं राष्ट्रपति महोदय, का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने अपने भाषण का प्रारम्भ सदस्यों को हिन्दी के शब्द नमस्कार से सम्बोधित करके किया। उन्होंने हिन्दी में एक कविता पढ़ी, जिसमें सदाचार के महत्व पर प्रकाश डाला गया था। महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण की शुरूआत राष्ट्रभाषा हिन्दी में करके, हिन्दी का

बड़ा सम्मान किया है, उसका गौरव बढ़ाया है। उन्होंने देशवासियों को और माननीय सांसदों को एक संदेश दिया है कि वे भी अपने विचार हिन्दी में प्रकट करें। इससे राजभाषा हिन्दी का सम्मान और गौरव बढ़ेगा और लोगों को प्रेरणा मिलेगी। महोदय, विश्व में प्रमुख रूप से बोली जाने वाली दो-तीन भाषाओं में से हिन्दी एक है। हिन्दी इस देश की राजभाषा है। यह आज से नहीं है, अपितु 14 सितम्बर, 1949 को ही भारतीय संविधान ने इसको राजभाषा के रूप में स्वीकार किया है। महोदय, राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में भारत की आजादी की पहली लड़ाई की 150वीं सालगिरह के साथ-साथ आजादी की 60वीं वर्षगांठ की भी याद दिलाई है। उन्होंने बापू के अमोघ अस्त्र सत्याग्रह की शताब्दी मनाने की ओर भी सदस्यों का ध्यान दिलाया है। महोदय, यह देशवासियों के लिए और माननीय सांसदों के लिए एक संकेत है कि आजादी के लिए देशवासियों ने जो त्याग किया, बलिदान दिया, कुबानियां दीं, हम उन्हें स्मरण रखें और आत्ममंथन करें कि आजादी के 60 वर्ष बाद भी, हम 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, हमने अपने देश के लिए कितना काम किया है, कितना और करना है? महामहिम राष्ट्रपति द्वारा इस प्रकार से हमें अपने कर्तव्य का स्मरण कराया गया है। महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा है कि हमारा देश विकास के एक नए युग की दहलीज पर खड़ा हुआ है। हमारे कामगारों, हमारे व्यवसायियों, उद्यमियों में आत्मविश्वास की भावना और गतिशीलता हमें आशान्वित करती है। उन्होंने कहा है कि देश की चहुंमुखी विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नवीन ऊर्जा का संचार करना है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और शहरी अर्थव्यवस्था में जो खाई बढ़ गई है, हमें उसको पाटना है। उन्होंने माननीय सांसदों का ध्यान दिलाया है कि अभी भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर है और उसे मजबूत करने की आवश्यकता है। सरकार दिल्ली की हो या फिर पटना की, कहीं की भी सरकार हो, देश की जनता के प्रति जो उसकी जवाबदेही है, उसे पूरा करना है। देश की जनता के सामने बुनियादी समस्याएं हैं, रोटी की समस्या है, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य और शिक्षा की समस्या है। ये सभी समस्याएं मौलिक समस्याएं हैं और इनकी जरूरत देश के सभी नागरिकों को है। हमारा जीवन इनके बिना नहीं चल सकता है। क्या हम विश्वास से यह कह सकते हैं कि आजादी की 60वीं वर्षगांठ मनाते हुए अपने देश के नागरिकों की जो न्यूनतम सुविधाएं हैं, क्या हमने उन्हें वे सुविधाएं प्रदान की हैं? महोदय, आज पूरे देश को आत्म-मंथन की आवश्यकता है। सत्तर प्रतिशत लोग गांवों में रहते हैं और कृषि से जुड़े हुए हैं। आज कृषि की क्या स्थिति है? समाचार-पत्रों में खबरें आती हैं, इस सदन में भी चर्चा होती है भारत के किसान आत्महत्या कर रहे हैं। शास्त्री जी ने एक नारा दिया था, ''जय जवान, जय किसान''। जब भी गांवों की चर्चा करते हैं, गांवों के संबंध में बात करते हैं, हम कहते हैं कि देश का किसान, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। मगर आज इस रीढ़ को क्या हो गया है? आज बड़ी संख्या में गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। शहरों में आबादी बढ़ रही है। क्यों पलायन हो रहा है? खेती अब लाभकर

नहीं रह गई है। अस्सी प्रतिशत किसान सीमांत किसान हैं या छोटे किसान हैं। उनके पास खेती के लिए जमीन नहीं है। वे खेती करना भी चाहते हैं तो जो खेती के लिए बुनियादी साधन हैं-खाद, बीज, पानी या आवश्यकता पड़े तो कर्ज, वह भी उन्हें मुहैया नहीं कराया जाता है।

महोदय, सरकारी बैंक किसानों को ऋण नहीं देते हैं। अगर किसी व्यवसायी के लिए करोड़ों रुपए ऋण देना पड़े तो कोई कठिनाई नहीं होगी। मगर किसान यदि पांच हजार, दस हजार का ऋण लेना चाहता है तो उसे ऋण नहीं दिया जाता है। वह मजबूर होकर बड़े-बड़े सूदखोरों के पास जाता है। बड़ी सूद पर पैसा लेता है, और किसी कारण से उसकी खेती मारी जाती है तो मजबूर होकर वह आत्महत्या करता है। वह सूद, मूल वापस नहीं कर पाता है। जो आत्मग्लानि होती है, वह उसे बर्दाश्त नहीं कर पाता है और आत्महत्या कर लेता है। खेती की क्या स्थिति है? 1951 में 61 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पादन में कृषि का योगदान था। आज क्या स्थिति है? जहां तक मेरी जानकारी है यह बाइस प्रतिशत पर आ गया है।

श्री अरुण जेटली (गुजरात): अठारह प्रतिशत।

प्रो॰ राम देव भंडारी: जेटली साहब ने सुधार किया कि अठारह पर आ गया है। चालीस प्रतिशत लोग खेती छोड़कर भाग जाना चाहते हैं। वे खेती नहीं करना चाहते हैं। वे गांवों से भाग रहे हैं। बड़े-बड़े किसान, जिसके पास पचास एकड़, सौ एकड़ जमीन है, अगर उसे एक चपरासी की नौकरी मिल जाती है, तो वह खेती छोड़कर नौकरी करने चला जाता है। यह स्थिति है। हमारे पास आंकड़े आए कि विगत तीन वर्षों में राष्ट्रीय आय में आठ प्रतिशत की दर से औसत वृद्धि हुई है। ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में नौ प्रतिशत का लक्ष्य है। इसका लाभ कहां जा रहा है? महोदय, मैं यह जानना चाहता हूं कि आय में जो वृद्धि हो रही है, इसका लाभ कहां जा रहा है? क्या इसका लाभ गांवों में जा रहा है? क्या इसका लाभ किसानों को पहुंच रहा है? मैं नहीं मानता। चंद लोगों को, मुट्ठी भर लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

महोदय, बेरोजगारी की समस्या है। आज बी॰ए॰, एम॰ए॰, इंजीनियर्स, डॉक्टर तो छोटी-छोटी नौकरी के लिए शहरों में, गलियों में घूमते फिर रहे हैं, उसे नौकरी नहीं मिल रही है। लाखों लोग हर साल स्नातक की डिग्री लेते हैं, पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री लेते है, दसवीं, ग्यारहवीं पास करके नौकरी करना चाहते हैं, मगर उसे नौकरी नहीं मिलती है। कहां जाएंगे ये? यह इतना बड़ा समूह जो ऊँची शिक्षा प्राप्त करके समाज को कुछ देना चाहता है। आज उसके पास काम नहीं है, जिसके माध्यम से समाज को कुछ दे सके। खेती से लोग भाग रहे हैं, रोजगार नहीं मिल रहा है, गरीबों को जो न्यूनतम सुविधाएं हैं, वे मुहैया नहीं हो पा रही हैं।

महोदय, मैं जानता हूं कि बजट में वित्त मंत्री ने कई बातों की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। जब बजट पर चर्चा होगी, तब हमारे माननीय सांसद बोलेंगे। महोदय, कुछ बातें, सरकार ने की

हैं और जिसका लाभ मिल रहा है। उनमें एक यह है कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना का विधेयक पास किया जाना है आज 200 जिलों में यह योजना चल रही है। मैं रात में टीवी देख रहा था। झारखंड के गढ़वा जिला का कार्यक्रम दिखाया जा रहा था। एक गांव के बारे में चर्चा हो रही थी कि उस गांव में पानी का साधन नहीं था, उपज नहीं होती थी। इस रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से बांध बनाया गया, पानी को जमा किया गया। आज उस गांव के खेत फसल से लहलहा रहे हैं। वहां चेक डैम बनाया गया है और उस गांव के खेत फसल से लहलहा रहे हैं। इस योजना का गांवों में लाभ हो रहा है। मगर सभी राज्य इसको पूरी तरह से implement नहीं कर पा रहे हैं। मैं बिहार सरकार की आलोचना नहीं करना चाहता। मेरा वैसा स्वभाव नहीं है। मगर बिहार में इस योजना को अभी सही तरीके से लागू नहीं किया गया है आज क्या स्थिति है, मुझे नहीं मालूम। मैं कुछ दिनों पूर्व की स्थिति बता रहा हूं, इस योजना का 22 प्रतिशत खर्च नहीं हुआ है। इस बार 330 जिलों में यह कार्यक्रम लागू होने जा रहा है। सरकार की घोषणा है कि हर वर्ष उसको बढ़ाया जाएगा और 5 वर्ष मे समूचे राष्ट्र को इस कार्यक्रम में शामिल कर लिया जाएगा।

महोदय, बहुत चर्चा हुई है, महंगाई की बहुत चर्चा हुई है, अगर मैं इस पर दो शब्द नहीं बोलूं, तो मुझे अच्छा नहीं लगेगा। महंगाई जिस तरह से पिछले कुछ महीनों में बढ़ी, बहुत परेशान किया, खास कर आम लोगों को। बड़े लोगों पर इसका असर नहीं पड़ता। महंगाई की मार भी छोटे लोगों को, जो आम आदमी है, उसी को झेलनी पड़ती है। सब कुछ महंगा हुआ। कहा गया कि वायदा कारोबार की वजह से जो खाद्य सामग्री है या जो दूसरी आवश्यक वस्तुएं हैं, जो आम आदमी उपयोग करते हैं, वे महंगे हो गए। सरकार ने एक अच्छा कदम उठाया है कि चावल, गेहूं पर से वायदा कारोबार हटाया है। मगर सिर्फ उससे नहीं होगा। जो भी आवश्यक वस्तुएं हैं, जिनका उपयोग कॉमन आदमी, आम आदमी करता है, सहज रूप से उसके पास आनी चाहिए। जन वितरण प्रणाली को फिर से सुधार करके, उसमें जो कुछ अच्छा बन सके, वह किया जाना चाहिए। इस प्रणाली में भ्रष्टाचार हैं, फिर भी उस माध्यम से गरीबों को अनाज मुहैया कराया जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से भी हम महंगाई पर काबू कर सकते हैं, कीमतों की वृद्धि पर काबू कर सकते हैं।

महोदय, गांधी जी ने ग्राम स्वराज का सपना देखा था। महोदय, जब तक देश का गांव खुशहाल नहीं होगा, तब तक देश खुशहाल नहीं होगा। ग्राम पंचायती राज की व्यवस्था है, मगर ग्राम पंचायत का जो उपयोग होना चाहिए, ग्राम पंचायत के माध्यम से जो स्वशासन की बात होती है, वह हम नहीं कर पा रहे हैं। महोदय, गांधी जी का ग्राम स्वराज का सपना था, जब तक जनता को भागीदार नहीं बनाएंगे, शासन में और विकास में, तब तक सच्चे रूप में हम विकास का कार्यक्रम लागू नहीं कर सकते। यहां से एक रुपया चलता है, तो 12 पैसा पहुंचता है। जहां

तक एक रुपए को जाना है, वहां तक जाते-जाते 12 पैसा पहुंचता है। एक रुपया जब बारह पैसे बनकर पहुंचता है तो विकास का कितना काम होगा? इसीलिए जो पैसा जिस काम के लिए भेज रहे हैं, वह पूरा पहुंचे, इस की व्यवस्था होनी चाहिए। उस के लिए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होना चाहिए।

महोदय, पिछले सत्र में हम ने महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के संबंध में एक बिल पास किया है। बाल विकास से संबंधित आज भी प्रश्न काल में कई सवाल किए गए थे। महोदय, मेरी जानकारी के अनुसार 50 लाख से अधिक बच्चे-बच्चियां घरेलू काम में लगे हुए हैं जिनका शारीरिक, मानसिक और यौन शोषण होता है। लाखों बच्चे सड़कों पर सोते हैं। वे दिनभर जहां-तहां काम करते हैं और रात में सड़कों पर सोते हैं। हमारे देश में बच्चों की यह स्थिति है। उसका क्या कारण है? महोदय, इस के पीछे भी आर्थिक कारण है। गरीबी, आर्थिक विपन्नता की वजह से कम उम्र में ही उन के माता-पिता पैसा कमाने के लिए बाहर भेज देते हैं। बिहार से बड़ी संख्या में कालीन बुनने के लिए बच्चे लाए जाते थे। आज भी भदोही और उत्तर प्रदेश की कई जगहों में बच्चों को कालीन बुनने के लिए लाया जाता है। उन्हें कभी-कभी ग्रुप में पकड़कर वापस भी कर दिया जाता है, मगर गरीबी की मजबूरी की वजह से उनके माता-पिता उन्हें खेलने-कूदने और पढ़ने-लिखने की उम्र में घरों में काम करने के लिए भेज देते हैं। वे घरों में काम करते हैं जहां उनका सभी प्रकार से शोषण होता है।

महोदय, शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। मैं dropouts के बारे में विस्तार में नहीं जाना चाहता। हम जानते हैं कि स्कूलों में पहली कक्षा में कितने बच्चों का एडमिशन होता है और पांचवी-छठवीं कक्षा तक कितने पहुंचते हैं। हमारे देश में बड़े पैमाने पर dropouts होते हैं। महोदय, बजट में छात्रवृत्ति की व्यवस्था की गयी है, स्कूल टीचर्स के appointments की व्यवस्था की गयी है। शिक्षा के क्षेत्र में भी कुछ पैसे दिए गए हैं। देश में शिक्षा का एक अच्छा कार्यक्रम सर्व-शिक्षा अभियान चल रहा है। मगर इस में राज्य सरकारों को सहयोग करना पड़ेगा। जो केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम है, वह राज्य सरकारों के माध्यम से implement होता है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच में अच्छा तालमेल होना चाहिए, उन के बीच अच्छे संबंध होने चाहिए। अगर उसे सही रूप में implement किया जाए, तो मैं समझता हूं कि सर्व-शिक्षा अभियान के इस कार्यक्रम से, शत-प्रतिशत की बात तो मैं नहीं जानता, मगर इस से शिक्षा के क्षेत्र में निश्चित रूप से बड़ा सुधार होगा।

[उपसभाध्यक्ष (श्री प्रशांत चटर्जी) पीठासीन हुए]

महोदय, मैंने प्रारंभ में किसानों की बात की थी। आजकल Special Economic Zone की बात बहुत सुनायी दे रही है। महोदय, इस कार्यक्रम के तहत किसानों की जमीनें ली जाती हैं। जो भूमि अधिग्रहण का कानून है, इस के बारे में येचुरी साहब भी बोल रहे थे, यह बहुत

पुराना कानून है। इसके तहत किसानों की जमीन ले लेते हैं। उनका जीवन उसी जमीन पर निर्भर करता है। हमें उद्योग-धंधों की भी जरूरत है और उस के लिए भी जमीन की आवश्यकता है। मगर हम उन किसानों की जमीनें लेते समय उन के बारे में पूरी तरह विचार नहीं करते। उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती। अगर हम उनकी जमीन ले लेते हैं, तो हमें उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था पहले सोच लेनी चाहिए। उनको मार्केट रेट नहीं देते। औने-पौने दाम पर हम उनकी जमीन ले लेते हैं। हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक उन्हें जाना पड़ता है। उनको जो मुआवजा मिलता है, वह मुआवजा हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा लड़ने में चला जाता है। उनको नौकरी नहीं देते। रोजी-रोजी का जो भी साधन उनके पास होता है, वह साधन हम उनसे छीन लेते हैं। उनके लिए हम कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं करते।

महोदय, इस कानून में संशोधन की आवश्यकता है। हम किसानों की जमीन लें, अगर आवश्यकता है, लेकिन उतनी ही जमीन लें जितने की आवश्यकता है। कल येचुरी साहब बोल रहे थे कि हम स्पेशल इकोनॉमिक जोन में जितनी जमीन ले लेते हैं, उसका 25 प्रतिशत निर्माण काम में लगाते हैं। क्या जरूरत है उतनी जमीन की? हमारे पास सरप्लस जमीन नहीं है, महोदय। हमारे पास जो जमीन है, वह कभी बाढ़ में तो कभी सुखाड़ में चली जाती है। महोदय, मैं उत्तर बिहार से आता हूं। हमारे और भी साथी उत्तर बिहार से हैं। उत्तर बिहार के 38 में से लगभग 20 जिले बाढ़ प्रभावित हैं। नेपाल से नदियां आती हैं। नेपाल के साथ वर्षों से बात हो रही है, मगर अभी तक उसका जो कोई रास्ता निकलना चाहिए, जो समाधान निकलना चाहिए वह नहीं निकला है, वह दूसरा देश है, वह अपनी सुविधा देखेगा। इस प्रकार बाढ़ में जमीनें चली जाती हैं, सुखाड़ होता है। हर तरफ से किसान मारे जाते हैं। फिर इस स्पेशल इकोनॉमिक जोन में उनकी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करके, उनके लिए नौकरियों की व्यवस्था या उनके लिए अन्य व्यवस्था नहीं करके, उनकी जमीन ले लेते हैं। महोदय, ऐसा नहीं होना चाहिए।

महोदय, सच्चर कमेटी की रिपोर्ट आई है। कई माननीय सांसदों से सच्चर कमेटी कर रिपोर्ट पर चर्चा की है और उसे लागू करने की भी मांग की है। महोदय, 13 प्रतिशत से ज्यादा आबादी अल्पसंख्यकों की है। उनकी आर्थिक स्थिति भी दूसरे धर्म के, दूसरे मजहब के लोगों से अच्छी नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में, आर्थिक क्षेत्र में भी। एक अच्छी रिपोर्ट आई है। अल्पसंख्यकों के लिए बजट में प्रावधान भी किया गया है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह सच्चर कमेटी की रिपोर्ट को लागू करे। मैं सिर्फ अल्पसंख्यकों के लिए नहीं कहता, दूसरे लोग हैं, ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Your time is over. Please conclude.

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, मैं एक-दो मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं।

महोदय, मैं राष्ट्रीय न्यायिक परिषद के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। इस समय कोर्ट की यह स्थिति है कि 25 हजार से अधिक मुकदमें सुप्रीम कोर्ट में पैंडिंग हैं। जेटली साहब बैठे हुए थे, अभी नहीं हैं। करीब 35 लाख हाई कोर्ट में हैं और ढाई करोड़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स और लोअर कोर्ट्स में पैंडिंग हैं। 10 साल से, 20 साल से मुकदमें पैंडिंग हैं। इन मुकदमों का निपटारा नहीं हो रहा है।

महोदय, जजों की संख्या बढ़ाई जाए और राष्ट्रीय न्यायिक परिषद का गठन हो। महोदय, पारदर्शिता तो होनी चाहिए। ज्युडिशियरी में भी पारदर्शिता होनी चाहिए। एकाउंटेबिलिटी भी होनी चाहिए। अभिभाषण में भी इसकी चर्चा हुई है। एक विधेयक भी सदन के सभा-पटल पर रखा गया है। मैं येचुरीसाहब की इस बात से सहमत हूं कि जो लेजिस्लेचर है, एग्जीक्यूटिव है, ज्युडिशियरी है, इनमें जो इमिनेंट लोग हैं, कानून के ज्ञाता हैं, बार के लोग हैं, जो परिषद बने, उनको भी शामिल करना चाहिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Please conclude. Your Party's time is over.

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, मैं बहुत कम बोलता हूं। मुझे एक-दो मिनट का समय दिया जाए।

महोदय, ग्रामीण न्यायालय विधेयक लाने की बात हो रही है। लाखों ऐसे छोटे-छोटे मुकदमें हैं, जिनको अगर ग्रामीण न्यायालय विधेयक बना कर गांव में ही इनका समाधान किया जाए तो मुकदमों की संख्या बहुत कम हो जाएगी। एक-दूसरे से मेलजोल, तालमेल भी बढ़ेगा। यह ग्रामीण न्यायालय विधेयक बनने के बाद उसके माध्यम से जो कानून बनेगा, उसके द्वारा इसका समाधान किया जा सकेगा।

महोदय, उच्च शिक्षा में आरक्षण के बारे में विधेयक पास किया गया था। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि उसे शीघ्र लागू किया जाए। दांव-पेंच से उसे फंसाने की बात हो रही है। कानून पास हो जाने के बाद भी इसको रोकना चाहते हैं। हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से दांव-पेंच लगाकर इसे रोकने की कोशिश की जा रही है। पिछड़े वर्ग के लोग हैं, दलित हैं, वे उच्च शिक्षा प्राप्त करें, उन्हें अच्छी टेक्नीकल एजुकेशन मिले, देश में जो अच्छे-अच्छे प्रतिष्ठित कॉलेज हैं, इंस्टीटयुशन्स हैं, उनमें इनको शिक्षा मिले। इसके लिए यह बिल बहुत ही महत्वपूर्ण बिल है, इसे शीघ्र लागू किया जाए।

महोदय, मैं एक बात और बोलना चाहूंगा। मुझे बस दो मिनट का समय और दे दिया जाए।

उपसभाध्यक्ष (श्री प्रशांत चटर्जी): सात मिनट अधिक हो गए हैं।

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा है—''मेरी सरकार भारतीय रेल का कायापलट करने में सफल रही है''। यह बात राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा है। उन्होंने यह भी कहा है —''बेहतर आपूर्ति व मांग प्रबंधन, क्षमता के युक्ति-संगत उपयोग तथा बाजार संचालित मूल्य-निर्धारण नीतियों के परिणामस्वरूप भारतीय रेल एक बार फिर से दौड़ पड़ी है''। भारतीय रेल पूरी रफ्तार से दौड़ रही है। माननीय सदस्य जानते हैं कि राकेश मोहन कमेटी ने कहा था कि वर्ष 2015 तक 61 हजार करोड़ रुपए का भार रेलवे पर पड़ेगा। महोदय, लालू प्रसाद जी कोई बहुत बड़े हिसाब-किताब करने वाले नहीं हैं। वह तो गांव में पैदा हुए किसान का बेटा है, देश के गरीब दबे-कुचले लोगों का बहुत प्रिय नेता है। उन्होंने रेलवे के माध्यम से कोई बोझ आम जनता पर नहीं डाला। लालू प्रसाद जी इतिहास में रेलवे का एक सुनहरा अध्याय लिखने जा रहे हैं। रेलवे में 20 हजार करोड़ रुपए का मुनाफा होने जा रहा है, जो एक करिश्मा है। यह वही रेल है, जो वर्ष 2001 में डिविडेंड का भुगतान करने से चूक गई थी, जिसका फंड बेलेन्स गिरकर 359 करोड़ रुपए रह गया था।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Prof. Bhandary, you please conclude. Your party's time is already over.

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, आज पूरा देश रेल बजट की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है। माननीय जनेश्वर मिश्र जी नहीं हैं, मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं, हमारे नेता रहे हैं। उन्होंने गाय के दूध की एक-एक बूंद दूहने की बात कही थी। गाय का एक-एक बूंद दूह लेंगे, तो बछड़ा क्या पियेगा? लालू प्रसाद जी का जन्म गांव में हुआ है और वह जन्म के बाद ही गाय और बछड़ों में खेले होंगे। वह अच्छी तरह से जानते हैं कि गाय का कितना दूध निकालना चाहिए, कितना बछड़े के लिए छोड़ना चाहिए। एक इन्क्वायरी की बात कर रहे थे। इन्क्वायरी होनी चाहिए। हम इन्क्वायरी से नहीं घबराते। आजकल सीबीआई की बहुत बात हो रही है, जब लालू प्रसाद जी को बार-बार सीबीआई जेल में भेज रही थी, तो हमारे मित्र सीबीआई की पीठ ठोक रहे थे। कहते थे कि सीबीआई एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और ईमानदार एजेंसी है। आज वही सीबीआई उनकी नजर में निष्पक्ष नहीं रह गई है, ईमानदार नहीं रह गई है, बेईमान हो गई है। इस तरह दो तरह का चेहरा नहीं होना चाहिए। आप कह रहे हैं कि सीबीआई सरकार के कब्जे में है, मगर एनडीए की गवर्नमेंट में क्या हुआ था? एक कद्दावर नेता को बचाने के लिए किस तरह से सीबीआई का दुरुपयोग किया गया था, देश जानता है।

उपसभाध्यक्ष (श्री प्रशांत चटर्जी): आप खत्म कीजिए।

प्रो॰ राम देव भंडारी: महोदय, मैं खत्म कर रहा हूं, मेरी बात खत्म हो गई है। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में जो कुछ कहा है, उसको कहने से पहले मैं एक और विषय की ओर सरकार

का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। महोदय, नेपाल में करीब-करीब आधी जनसंख्या 'मधेशी' नागरिकों की है। हजारों नागरिक ऐसे हैं जिनको अभी तक नागरिकता प्रदान नहीं की गई है। कभी-कभी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है, ऐसा लगने लगता है कि उनको नेपाल से बाहर कर दिया जाएगा। मैं सरकार से आग्रह करुंगा कि सरकार इसमें पहल करे, नेपाल सरकार से बात करे और नेपाल में 'मधेशियों' की जो समस्या है, उसको दूर करे।

महोदय, अपनी बात समाप्त करने से पहले मैं तीन-चार पंक्तियां, जो राष्ट्रपति जी की ओर से अभिभाषण में दी गई हैं, उन्हें पढना चाहूंगा--'सतत् जागरूकता के जरिए ही लोकतंत्र बहाल रखा जा सकता है। हमारे देश के लोगों को बेहतर प्रशासन मिले। मुझे आशा है कि आपको जो अधिकार मिले हैं, आप उनका इस्तेमाल हमारी जनता और हमारे राष्ट्र के हित में करेंगे।'

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Dr. M.S. Gill. You have four speakers. The total time left is one hour and twenty-eight minutes.

डा॰ एम॰ एस॰ गिल (पंजाब): मुझे कहा गया है कि 15 मिनट बोलें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Anyway, I have just reminded you.

डा॰ एम॰ एस॰ गिल: उपसभाध्यक्ष जी, मैं इंतजार करता रहता हूं ऐसे माहौल का—शांति है, सब अमन से बैठे हैं, कुछ बोल रहे हैं, कुछ सुन रहे हैं, मेरे को भी सुन लेंगे। अगर ऐसा माहौल ज्यादातर रहे तो इससे बेहतर बात क्या हो सकती है।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण है, जो उन्होंने पढ़ा था, जो सरकार का प्रोग्राम दिया था, डा॰ कर्ण सिंह जी का जो रेज़ोल्युशन है, मैं उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूं। मैंने इसको बड़े ध्यान से दो-तीन दफा पढ़ा है। सब देख रहे हैं, यह ठीक बात है, खुशी की बात है कि 8 परसेंट भी ग्रोथ हो गई, 9 भी हो गई, 9 से थोड़ी ऊपर भी इस साल जा रही है और 10 का निशाना भी शायद लग जाए। यह एक बड़े गौरव की बात है इस देश के लिए। 3 परसेंट या 3.5 परसेंट में हमारी जिंदगी निकल गई थी, लेकिन अब यह हो रहा है। इसके साथ-साथ एक और बड़ी अच्छी चीज है कि जो सेविंग्स रेट देश का है और जो इन्वेस्टमेंट है, वह बहुत बढ़ा हैं 20 साल या 30 साल पहले हम देखते रहे हैं कि 20, 21, 25 परसेंट तक सेविंग्स के लिए कोशिश हुआ करती थी, स्मॉल सेविंग्स वगैरह की, लेकिन अब 34 परसेंट ऑफ GDP इन्वेस्टमेंट हो रहा है, तो यह देश की सेविंग्स से हो रहा है और यह बहुत ही बधाई की बात है।

इन्फ्लेशन के बारे में बात करूं तो कल एक घंटा मेरे को बड़ा मज़ा आया, जब सीरियसली, सवाल तो एक ही था, लेकिन उस पर एक घंटा लगा और अच्छा हुआ, क्योंकि प्राइसिस देश की जान और जिंदगी से बंधी हुई हैं और उसके ऊपर सबने चर्चा की और बड़ी गंभीरता से जवाब हुए। फाइनेंस मिनिस्टर को भी बड़े जोर से कोशिश करनी पड़ी हाऊस को कन्विन्स करने की। इन्फ्लेशन जरूरी है, इन्फ्लेशन को रोकना जरूरी है और कल वे इस बारे में बात कर चुके हैं, मैं तो यही आशा करता हूं कि इसके ऊपर जल्दी से जल्दी काबू पाया जाएगा। क्योंकि, हिन्दुस्तान में डेमोक्रेसी है, डेमोक्रेसी रहेगी, तो डेमोक्रेसी तो आलू के भाव से, प्याज़ के भाव से और गंदम के भाव से ही चलेगी और अगर उसमें कोई आपत्ति आएगी तो कोई भी हो, इधर का हो या उधर का हो, उसको दिक्कत आएगी। दाल की बात हुई थी, हम पंजाब में कहते हैं- दाल, जो निभे सदा नाल। दाल के बगैर हिन्दुस्तान नहीं जी सकता है। दाल हिन्दुस्तान की प्रोटीन है, उसके बगैर तो इंसान फिज़िकली ही नहीं जी सकता है। इसलिए कल जो दाल की चिंता थी, जो हुई, उसके लिए मैं एक ही आशा रखता हूं कि जो भी करना पड़े, किया जाना चाहिए, लेकिन यह नहीं होना चाहिए कि हिन्दुस्तान में लोगों को दाल न मिले या महंगी मिले। बजट भी चूंकि आ चुका है, मैंने उसको भी साथ-साथ पढ़ा है, उसमें पैरा 49 में लिखा है कि mission for pulses, maize, oil, palm, *dal*, इन सबके लिए एक मिशन बनाएंगे, प्रोग्राम बनाएंगे, लेकिन मेरा मानना है कि इतनी देर इंतजार शायद मुश्किल हो जाएगी, क्योंकि अब ड्राई लैंड फार्मिंग दाल की कोई नहीं करता, पंजाब में बहुत होती थी, सब किसानों ने छोड़ दी। तो अगर उसको लाना है तो किसानों को दाल की प्राइसिस देनी होगी, उसके बीज देने होंगे, उसके लिए और साधन उपलब्ध कराने होंगे और जल्दी उपलब्ध कराने होंगे, मैं तो इतना ही जानता हूं कि इस पर ही मैं इसको छोड़ देता हूं।

मैंने भारत निर्माण के प्रोग्राम को भी देखा, उसमें दो-तीन चीज़ें हैं। सरकार का एवं प्राइम मिनिस्टर का यह फोकस रहा है कि इन चीजों के ऊपर, डेवलपमेंट के ऊपर, लोगों के लिए कुछ न कुछ कर सकें। उस प्रोग्राम में जो तीन चीज़ें रखी गई हैं, उनमें से पहला है स्वास्थ्य। इसके लिए नेशनल हेल्थ प्रोग्राम को रखा गया है। दूसरा, नेशनल एजुकेशन, ''सर्वशिक्षा अभियान'' है। मैं एक बात हिन्दी वालों से अवश्य कहना चाहूंगा, चाहे यहां के हों अथवा वहां के, आप नाम तो रखें, लेकिन सीधी-सादी हिन्दी में रखें, ताकि मेरे जैसे आदमी के लिए उसे समझना आसान हो सके। दूसरा प्रोग्राम एजुकेशन प्रोग्राम है। तीसरा, रूरल इम्प्लॉइमेंट का प्रोग्राम है।

मैं इन तीनों के संबंध में कुछ न कुछ जिक्र करना चाहता हूं। मैं तो इतना जानता हूं कि चाहे कोई भी, कहीं की भी सरकार हो, उसके शायद तीन ही फंक्शन होते हैं। पहला फंक्शन होता है —'लॉ एंड ऑर्डर'। हमारी बहन, बहू, बेटियां यदि रात के दो बजे भी कहीं जाती हैं, तो कोई उनकी तरफ उंगली भी न कर सके, उठाना तो दूर की बात रहे। सरकार का दूसरा फंक्शन होता

है, सेहत। हिन्दुस्तान की सारी जनता की सेहत अच्छी रहे, अगर वह बीमार हो, तो उसे उचित इलाज मिले। एक बात इस संबंध में मैं बार-बार कहता रहता हूं कि हिन्दुस्तान में हेल्थ और एजुकेशन कमर्शियल होते जा रहे हैं। एक श्रेणी के लोगों को तो फाइव स्टार होटल मिलता है, मैं भी कभी सरकारी खर्चे पर उसमें गया हूं। वहां पर मुझे तीन कमरे भी मिल जाते हैं और ड्राइंग रूम भी मिल जाता है, लोग आते हैं तो हम उन्हें बैठने के लिए कहते हैं। ऐसे में बेअंत खर्चा होता है, मेरे संबंध में तो वह खर्च सरकार दे रही थी। आज भी कुछ लोग तो इस प्रकार का खर्च उठा सकते हैं, लेकिन पूरे हिन्दुस्तान के लिए रीज़नेबल कॉस्ट पर सेहत का बंदोबस्त हो, इसे हम अवश्य देखें। आम आदमी की जो इन्कम है, आम जनता की जो इन्कम है, जिनका हम ज़िक्र भी करते रहते हैं, उसे उस इन्कम में इस प्रकार की सुविधा मिले। मुझे खुशी है कि बजट में भी इसके लिए शायद 20 या 22 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है और इस पर अतिरिक्त रुपया आबंटित किया गया है। इसे और भी बढ़ाया जाए, मैं तो यही कहूंगा क्योंकि वास्तविकता यह है कि पिछले दस-बीस वर्षों में सोशल सैक्टर पर खर्चे बहुत ही कम रहे हैं। इसलिए इसे और बढ़ाया जाए। मैं इतना जानता हूं कि सरकारी अस्पतालों के माध्यम से अथवा अन्य किसी भी प्रकार से गांवों अथवा छोटे कस्बों में कोई भी व्यक्ति बीमार हो, उसे मुफ्त इलाज मिलना चाहिए, जैसा अंग्रेज करते हैं। इसका क्या कोई प्रबंध है? मैं चाहूंगा कि सरकार इस कार्यक्रम को और भी आगे ले जाए और आम लोगों को यह तसल्ली दे कि आपके लिए भी डॉक्टर, कमरा और बिस्तर जरूर मिलेंगे।

दूसरा नम्बर एजुकेशन का आता है। मुझे खुशी है कि बजट एलोकेशन में इसके लिए 34-35 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि आज़ादी के बाद से आज तक हम सारे हिन्दुस्तान की लिट्रेसी को 90 प्रतिशत तक क्यों नहीं ले जा सके। केरल में अथवा मिज़ोरम में ऐसा क्या जादू है? पंजाब, हरियाणा, यूपी या बिहार में ऐसा क्यों नहीं हो सका? आज भी पंजाब 65 प्रतिशत लिट्रेसी के ऊपर ही अटका हुआ है, यह हमारे लिए कोई गौरव की बात नहीं है। हम तो इसे 100 की जगह 150 प्रतिशत कर सकते थे, हमारे पास इसके लिए साधन भी थे, ग्रीन रेवोल्यूशन भी था, लेकिन आज तो हमें यह कार्य करना ही है।

मैं दो-तीन बार अपने किसी कार्य से ईरान गया। उनके बारे में फंडामेंटलिज्म इत्यादि की बातें तो की जाती हैं, लेकिन उनके बारे में मैंने एक अच्छी बात देखी कि जब वहां खुमैनी इत्यादि लोग आए तो वहां पर केवल 25 प्रतिशत लिट्रेसी थी और 15-20 साल के थोड़े से समय में ही वह 75 प्रतिशत हो गई। मुझे मालूम नहीं कि आज वहां पर कितनी साक्षरता है, लेकिन अगर वास्तविकता में हमारे भारत में 70-80 प्रतिशत लोग पढ़े-लिखे हों, क्योंकि आप जानते ही हैं कि कई बार झूठे आंकड़े भी दे दिए जाते हैं, लेकिन हमारे देश में अगर इतने लोग पढ़े-लिखे हों तो हमारी पॉलिटिक्स का नक्शा कुछ और ही होगा। वे जो कुछ भी करेंगे, सोच-समझ कर,

पढ़ कर ही करेंगे, लेकिन ऐसा है नहीं। अत: लिट्रेसी के संबंध में सरकार का जो प्रोग्राम है, उसके ऊपर मैं खुशी प्रकट करता हूं और चाहता हूं कि उसे और भी आगे ले जाएं और इफैक्टिव बनाएं।

एक बात में अवश्य कहना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान में यूनिवर्सिटीज़ बहुत अधिक हैं और जरूरत से ज्यादा खुलती जा रही हैं, लेकिन स्कूल एजुकेशन नहीं है। स्कूल एजुकेशन के बगैर तो यूनिवर्सिटीज़ को बंद कर दिया जाना चाहिए, वहां पर आप क्या पढ़ाएंगे? स्कूल एजुकेशन, रूरल एजुकेशन और टोटल एजुकेशन, इनके संबंध में क्या किया जा रहा है और कैसे किया जा रहा है, इस सवाल को देखने की जरूरत है।

जो नेशनल रूरल इम्प्लॉइमेंट गारंटी स्कीम है, वह बहुत अच्छी है, अब उसमें 330 जिले कर दिए जाएंगे, यह बहुत अच्छी बात है। इस संबंध में मुझे केवल एक चीज़ की चिंता है, मैं मध्य प्रदेश जाता रहता हूं, वहां पर ट्राइबल्स हैं, पंजाब में तो शायद यह प्रोग्राम नहीं भी चलता होगा, लेकिन मैं देखता हूं और लोगों से बात भी करता हूं, मध्य प्रदेश में यह चलता है। और वह यह है कि इसमें जो लिखा है कि 5 लाख वर्क्स यह होंगे, वाटर वर्क्स होंगे, वाटर कंजर्वेशन के होंगे, कोई और डवलपमेंट वर्क्स होंगे, यह जो स्कीम हैं इसमें दो चीजें हैं। एक तो गांव के जिन लोगों को कहना है कि आओ, तुम्हारी बीस की हाजरी लगाएंगे और आज का तुमको सौ-सौ रुपया मिलेगा क्योंकि तुमको काम नहीं है। तो सरपंच भी यह जो भी चौधरी मेरे जैसा होगा वह कहेगा कि सौ में से बीस तो मेरे हैं। यह आप कैसे रोकेंगे आप सोचते रहो। लेकिन इसके बगैर वेस्टेज होगी, लीकेज होगी, दूसरा यह है कि जो वर्क्स हैं वे रिअली डवलपमेंट वर्क्स होने चाहिए वरना पैसे का फायदा नहीं होगा। किसी को दे भी दिया तो वह कंजूमर में चला जाएगा। अब यह सोचने की बात है कि कैसे करेंगे, कहां करेंगे। एक और बात बड़े जोर से कही गई है, बजट में भी आई है कि टेक्नीकल एजुकेशन, आई॰टी॰आई॰ या जो भी इस किस्म के इंस्टीट्यूशंस हैं उनका किया जाए। इसके साथ स्कॉलरशिप का भी आया कि ओ॰बी॰सी॰ के लिए, एस॰सी॰, एस॰टी॰ के लिए, मॉयनोरिटी के लिए। मैं तो यह कहता हूं कि अब समय आ गया है कि आप स्कॉलरशिप डटकर बढ़ा दो, पैसे हैं, सरकार ने इतने पैसे कमाए हैं कि इसका रोज जिक्र आ रहा है कि इस साल में कितनी इन्कम बढ़ी है। वैसे भी आप 180 बिलियन फॉरेन एक्सचेंज रखे बैठे हो। तो जो भी इकोनॉमिकली बैकवॉर्ड है, ब्राह्मण है, या यह हो या वह हो, सबको स्कॉलरशिप में कहीं न कहीं ले आओ। लेकिन नीचे के लोगों को जो गरीब हैं, जिनके पास अपने साधन नहीं हैं उनको पढ़ाओ और उनको टेक्नीकल पढ़ाओ। इस प्रोग्राम में मैं इतना ही कहना चाहूंगा।

मैं एक-दो एग्रीकल्चर की भी बातें करता हूं। उसका जिक्र किया है कि इंवेस्टमेंट ठीक है बढ़ाई गई है लेकिन फ्रेंकली इंवेस्टमेंट पिछले 10-20 साल से एग्रीकल्चर में, अर्जुन सेन गुप्ता

यहां बैठे हुए थे, हम बातें करते रहते हैं कि एक-डेढ़ परसेंट ही रही है, इसको करेक्ट करना है चाहे कोई सरकार रहे या कोई सरकार आए। और इसको बहुत आगे बढ़ाना है। आपको चिंता तो यह होनी चाहिए कि जी॰डी॰पी॰ का जिक्र करते रहते हैं कि 51-52 परसेंट तो आई॰टी॰ से आ गया, सर्विसिंग इण्डस्ट्री से आ गया। सर्विस इण्डस्ट्री वालों को आप जानते हैं मैं नाम नहीं लेता, बड़े-बड़े महापुरुष हैं, बड़े हिन्दुस्तान के वे नए अर्जुन हैं। लेकिन चिंता की बात तो यह है कि जो इस देश के जो 65 परसेंट लोग हैं उनकी इनकम तो अब 18 परसेंट पर आ गई, 25 भी नहीं रही। तो 18 परसेंट जी॰डी॰पी॰ ही उनको बांटना है, 65 परसेंट में। तो भूख ही बांटेंगे उसका कोई बंदोबस्त करना ही पड़ेगा। तो उसको सोचना होगा कि उसमें क्या होगा। एग्रीकल्चर में मैं देख रहा हूं कि यदि क्रेडिट बढ़ाया, 175 लाख करोड़ था, 190 हुआ, अचीवमेंट बढ़ गई और सवा दो लाख करोड़ अगले साल के लिए रखी है, यह बजट से मैं ले रहा हूं। लेकिन मुझे एक चिंता है क्योंकि सारी उम्र मैंने यह काम किया है कि यह आंकड़े ब्रेकअप करके देखने हैं, क्योंकि यह जो स्टेटिस्टिक्स वाले होते हैं इनका बड़ा अजीब गिनती का तरीका है। आप किसी प्रोसेसिंग इण्डस्ट्री को दे देते हो, शायद यह भी एग्रीकल्चर क्रेडिट ही गिना जाएगा, दिया तो किसी फैक्ट्री को। मैं तो देखना चाहता हूं कि जो डॉयरेक्ट क्रेडिट टू स्मॉल फार्मर ऑफ इंडिया बिलो 10 एकड़ हैं उनको क्रॉप लोन के लिए मिडियम टर्म्स इंवेस्टमेंट के लिए एक डीजल इंजन के लिए, वह कितना दिया? यह कोई नहीं बतलाता है, मैं यह जानता हूं। और वह बढ़ा है या नहीं। अच्छा, कोआपरेटिव को रिवाइव करने के लिए तेरह हजार करोड़ है, कोआपरेटिव के बगैर गति नहीं है। क्योंकि किसानों की आइटम तो वही बनाई थी, अंग्रेजों ने बनाई थी, नेहरू ने उसको पाला था और अब वह बहुत गिर चुकी है। तो कब उसको उठाओगे, क्योंकि जो आपके सरकारी नेशनलाइज्ड बैंक हैं वे क्रेडिट देना चाहते हैं एक सेठ को जो दस हजार करोड़ या इकट्ठा ही ले जाए और वह वापिस भी कर देगा, जब करेगा। लेकिन दस-दस हजार या पांच-पांच हजार कर्जे वाले दो लाख किसानों को वे डील नहीं करना चाहते हैं क्योंकि बहुत सिरदर्दी है। यह कोआपरेटिव ही करते थे। तो यह बहुत लम्बा सब्जेक्ट है, मेरे पास टाइम नहीं है नहीं तो मैं और भी कुछ कहता। लेकिन यह आपको करना होगा। मुझे तो यह जानना है कि क्या क्रेडिट डॉयरेक्ट फार्मर्स को बढ़ा है, क्या उसमें कोआपरेटिव रिवाइव की हैं और जब कोआपरेटिव बीमार हो जाए, उसकी ओवरड्यू हो जाए, किसान की हो जाए तो उसको तो आप दे ही नहीं सकते हैं। तो फिर आप इधर-उधर किसी एग्रो फैक्टरी को दे देंगे या भगवान जाने कहां देंगे। तो इसको आपको सोचना है। यह जो एग्रीकल्चर इनडेब्टनैस की राधाकृष्णन जी की कमेटी है, उनको मैं नम्रतापूर्वक हाथ जोड़ता हूं कि आप रिपोर्ट ले आओ, यहां समय निकलता जा रहा है। फिर देखें कि आप क्या रिपोर्ट ला रहे हैं। क्योंकि हर बार राधाकृष्णन का जिक्र आता है, राधाकृष्णन तो हमारे थे यहां के और यह कोई और राधाकृष्णन होंगे। तो इसका कुछ किया जाए क्योंकि there is indebtedness of farmers. अच्छा एक बड़ी मुसीबत किसान को बनी है, जो पिछले

पांच-दस साल में बनी है। अंग्रेजों के समय में, पंजाब में यह बिल्कुल बंदिश थी कि अगर किसान ने किसी आढ़तिये से या किसी साहूकार से कर्जा लिया है और अगर वह उसने वापिस नहीं किया तो आप उसकी जमीन, उसके हल-बैल, उसका चूल्हा-चौका, उसका घर नहीं ले सकते हैं। हम जीने के साधन उसके हाथ से नहीं खो सकते हैं। अब यह हो रहा है, मैं पंजाब में रोज यह पढ़ लेता हूं कि जो दो एकड़ जमीन वाला है, उसकी जमीन खोने के लिए डीएसपी और मजिस्ट्रेट साथ आ गए। ऐसा आजादी के बाद तो नहीं होना चाहिए। अगर ऐसा किसी ने किया है, तो उसको रोको।

लैंड एक्विजिशन के बारे में भी मैं कुछ सुझाव रखना चाहूंगा। पैराग्राफ 9 में राष्ट्रपति जी ने कहा है कि इंडस्ट्री के लिए जमीन तो लेनी ही पड़ेगी। ठीक है, लेंगे, लेकिन यह मुझे खुशी है कि इसमें कहा है कि हम लैंड एक्विजिशन एक्ट में अमेंडमेंट करेंगे और देखेंगे कि क्या-क्या जरूरत है। whatever is necessary, we should that. मेरी अर्ज यह है कि नेसेसरी तो यह है कि अंग्रेजों ने 1884 या 1894 में कानून बनाया था, to acquire for public purpose. नहर बनाने के लिए, सड़क बनाने के लिए, रेल बनाने के लिए या फौज के लिए, पांचवीं चीज़ मुझे नहीं पता है, मैंने यह एक्ट चलाया है। एक छोटे आदमी से एक-दो एकड़ को लेकर, एक बड़े आदमी को देना, जिसके बारे में चर्चा कर रहे हैं, मेरी अक्ल में नहीं आ रहा है। यह तो कम से कम अंग्रेज की पालिसी पर जाना चाहिए। अंग्रेजों के देशों में, मैंने चैक किया है— अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड कहीं भी लैंड एक्विजिशन एक्ट नहीं है। Stanford Airport की बीस-तीस साल रुकी रही, क्योंकि एक किसान रुका हुआ था कि मैं नहीं देता अपनी 10 एकड़ जमीन। मैं इसको बड़ी आशा से देखता हूं कि सरकार क्या अमेंडमेंट लायेगी और इसको कैसे tighten करेगी, क्योंकि इसके ऊपर सारे देश में चिंता है। मैं इसको आगे नहीं ले जाता हूं।

एनवायरनमेंट का जिक्र है बिल्कुल ठीक है। जो एनवायरनमैंट है, उसमें 27 परसेंट पाल्युशन यूरोप कर रहा है, 38 प्रतिशत अमेरिका, हम और चीन 12 परसेंट कर रहे हैं। लेकिन हम भी इंडस्ट्रियलाइजेशन की ओर बढ़ रहे हैं। गरीब इंडिया का एक प्रोग्राम एक्टिव कंसिडरेशन है। मैं तो इतना ही जानता हूं। डा॰ कर्ण सिंह ने कहा था कि पापुलेशन का तो इसमें जिक्र नहीं हुआ, उन्होंने बिल्कुल ठीक कहा था। अगर आप पापुलेशन में कंट्रोल शब्द के ऊपर एतराज करते हैं, तो कोई और शब्द एस्टेबिलाइज करने का ढूंढ़ लेते हैं, तो ठीक है। अगर नहीं करेंगे, तो बिल्कुल सत्यानाश हो रहा है। उसके आगे टाइगर का पैरा है। मैंने सब टाइगर देखें हैं, शेर भी देखे हैं, मैं शिवपुरी में टाइगर के साथ पला हूं। मैं जानता हूं। मैं तो इतना ही कहता हूं कि आबादी होगी तो जंगल नहीं रहेंगे, जंगल नहीं होंगे, तो शेर नहीं रहेंगे और जंगल नहीं रहेंगे, तो पानी नहीं रहेगा, तो सारे सूबे एक-दूसरे से लड़ते रहेंगे। यह विषय तो बहुत बड़ा है। अगर इसको बचाना है और अगर वाकई ये ग्रीन प्रोग्राम करते हैं, तो मुझे खुशी होगी।

रेलवेज़ का मैं एक शब्द में जिक्र करता हूं। यह ठीक है कमाया है, लेकिन इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाना और उसको बेहतर करना जरूरी है। उसमें कितनी इन्वेस्टमेंट है, सिर्फ एक फ्रेट कॉरिडोर नया बन रहा है। मुझे तो यह समझ आती है, मेरे ख्याल से रेलवे लाइन 65 या 70 हजार किलोमीटर है और ऐसे ही तीस साल से रही है। इनको आप क्यों नहीं हंड्रेड थाउजेंड कर सकते, सारा मध्य प्रदेश खाली पड़ा है, उड़ीसा खाली पड़ा है और प्रदेश खाली पड़े हैं। आप उनमें नई-नई रेलवे लाइनें बिछाओ। Rail is the cheapest means of transport and a sensible transport. Ours is a flat country and we have a good railway network. इसके ऊपर थोड़ा ध्यान दें।

सिविल एविएशन के बारे में, थोड़ा मैं कहना चाहता हूं। जो चार-पांच बड़े शहर हैं, इनका तो बंदोबस्त हो रहा है। लेकिन जो 35 एयरपोर्ट्स हैं, उसमें आपका अमृतसर भी आयेगा। आप फिर कहेंगे कि अमृतसर की बात कर रहे हैं, तो उनका भी हमें कोई काम दिखाओ। सात-आठ साल में अमृतसर में छोटा सा आने-जाने का बना है। अब फिर साठ-सत्तर करोड़ का काम हो रहा है, साठ-सत्तर करोड़ से तो दाल-फुल्लियां भी नहीं आतीं। हम क्या करेंगे? हमें भी 500 करोड़ का कर दो और बाकी 35 को भी उठाओ। हिन्दुस्तान को थोड़ा खोलो।

मैं नेशनल जुडिशियल कमीशन के ऊपर जरूर कुछ कहना चाहता हूं। यह एक बड़ा इम्पॉर्टेंट विषय चल रहा है। यह मेरी नजर में पार्टियों से ऊपर है और आपस में जो बड़ी पार्टियां हैं, उनको आपस में बैठकर कभी इस पर गंभीर चर्चा करनी है। मेरी अक्ल में फैसला यूनेनिमस करना है। मैं जब किसी और जगह था, तो मैंने सभी पार्टी वालों से बात भी कर ली थी, उस समय के प्रधान मंत्री श्री वाजपेयी जी से भी बात करी थी। प्रधानमंत्री से चर्चा की थी। मैं तो ऐसा मानता था कि the state of Indian judiciary must be debated in both the Houses for two days like the No-Confidence Motions were debated twice for Prime Ministers; शांति से, प्रेम से, विस्तार से यह हुआ था, मुझे आनन्द आया था। यह होना चाहिए, to decide what is the balance, नेशनल ज्यूडिशियल कमीशन का जो बिल आ रहा है, मुझे उसके संबंध में कुछ हो रहा है और मैं कमेटी के सामने भी जाऊंगा—मैंने इस संबंध में रिक्वेस्ट की थी। एक बड़ी सिम्पल सी बात है कि हम ही अपने आपको नियुक्त करेंगे, हम ही अपने आपकी टोका-टोकी करेंगे या देखेंगे और जो हम देखेंगे, वह अपने पास ही रखेंगे, किसी और को नहीं दिखेएंगे—यह प्रिंसिपल दुनिया में कहीं नहीं चलता है। डेमोक्रेसी का आप पढ़ो, अमेरिका का पढ़ो, अंग्रेजी का पढ़ो, हिन्दुस्तान का कॉस्टीटयूशन पढ़ो। जो 20-25 साल पहले था, वह बिल्कुल ठीक था। In a democracy, the Chief Justice will recommend; the Prime Minister is somebody in this country; he and others will look at it and the President will have a role. And I think that

2.00 P.M.

is a democratic way. America does it even now. Bush has the mandate today. He proposes. Of course, the Senate checks it in their system. When Clinton was there, he proposed and they checked it. The will of the people is coming through the President. It is a social issue also, as to what is the leaning of any human being, including a Judge, and this has to be looked at in a democratic way. I would appeal to both the sides. The Leader of Opposition is sitting here क्या मज़ा है मेरे बोलने का कि सभी यहां बैठे हैं, सुन रहे हैं! The Home Minister is here. Please address it because it is time India addressed it along with many other problems.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Your time is over. Please conclude.

SHRI M.S. GILL: Yes, Sir. I would just take one or two minutes. On Foreign Policy, I have two small items on which I have to say something; I don't want to hang on. पॉवर की बहुत बात हुई है, बजट में भी हुई है, इसमे भी हुई है। There is a crisis of power. Yesterday, there was a talk कि 80 हज़ार मेगावाट नेपाल में है। सबको दिखता है। दरिया उधर से ही आते हैं। बिहार और ईस्टर्न यूपी तो perpetual flood में डूबे हुए हैं because unless you have dams up there, you cannot control the water. वह हो रहा है, but I say to you, Sir, if we want to have power from Nepal, if we want to stop floods to Bihar and UP, and even Bengal, तो उनसे फॉरेन पॉलिसी का रिश्ता बहुत अच्छा, गूढ़ा करना होगा, कैसे करेंगे, यह आप लोग जानें। इंडो-चाइना के संबंध में मैं एक ही बात कहना चाहता हूं। आज भी उनके फॉरेन मिनिस्टर का बयान मैंने 'हिन्दू' में पढ़ा है, उन्होंने वहां कुछ कहा है—अच्छी बात ही कही है कि हमें ये हिस्टॉरिकल चीज़ें सोचनी चाहिए। यहां भी मैं सुनता रहता हूं कि हमारे जो रीप्रेज़ेंटेटिव्स हैं, उनकी मीटिंग्स होती रहती हैं, बेअंत मीटिंग्स हो चुकी हैं, अब तो मुझे गिनती भूल ही गयी है। It is like what happened after the Korean War between America and North Korea in Panmunjom. I only want to say this to the Government and to everybody, it is time they and we settled the border issue so that I know, which is India, which is China, and then we go further from there. And I think we need to do this. And I think we need to pursue it as hard as we can.

Thank you very much. I am grateful that you have given me time.

श्रीमती सुषमा स्वराज: धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय, आज राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा का तीसरा दिन है। बृहस्पतिवार को डा॰ कर्ण सिंह जी ने प्रस्ताव को प्रस्तुत किया था और राशिद

अल्वी जी ने उसका अनुमोदन किया था। कल नेता प्रतिपक्ष की तरफ से चर्चा की शुरूआत की गयी थी। आज मैं अपने दल की ओर से इस राष्ट्रपति अभिभाषण पर कुछ बातें कहने के लिए खड़ी हुई हूं। लेकिन मैं प्रारम्भ में ही आपको बता दूं कि मेरी कही गयी बातें महामहिम राष्ट्रपति जी के प्रति कोई टिप्पणी नहीं है। हां, इस सरकार की कारगुज़ारियों पर,इस सरकार की कार्यशैली पर और इस सरकार की सोच पर टिप्पणी जरूर है। महोदय, यह वर्ष, 2007 का वर्ष भारत की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की 150वीं सालगिरह का और भारतीय स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ का वर्ष है। इसलिए बहुत सही तौर पर राष्ट्रपति जी ने इसी प्रसंग से अपने अभिभाषण को शुरू किया। उन्होंने पहले ही पैराग्राफ में कहा—

''एक सशक्त, आधुनिक, सर्वसमावेशी, पंथनिरपेक्ष और गतिशील भारत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने के ये अवसर हैं।''

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इसमें एक बात और जोड़ना चाहूंगी कि हमारी आज़ादी को बचाए रखने के संकल्प लेने का भी यह वर्ष है। महोदय, आज़ादी को प्राप्त करना जितना कठिन होता है, उससे ज्यादा कठिन होता है उसको बचाकर रखना। एक कवि की चार पंक्तियां मुझे कभी भूलती नहीं हैं। उन्होंने लिखा है—

''आज़ादी की रक्षा करना बहुत कठिन है,

जगते हैं जो सदा वही इसको पाते हैं।

जो विलासिता की निद्रा में सो जाते हैं,

वो पीछे से सिर धुन-धुन कर पछताते हैं।''

इसलिए मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूं कि हमारी वर्तमान पीढ़ी आज़ादी के इतिहास को भूल रही है। अगणित अज्ञात शहीदों की कुर्बानियों से हमने आज़ादी हासिल की थी। कितनी यातनाएं झेली थीं उन्होंने, इसका आज की पीढ़ी को भान नहीं है। महोदय, जन्म तो मेरा भी स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हुआ है, लेकिन वह समय स्वतंत्रता संग्राम के चंद वर्षों बाद का समय था, इसलिए उस समय संग्राम की यादें ताज़ा थीं। उस समय विभाजन की पीड़ा के बाद की यादों को ताज़ा रखने का समय था, इसलिए हम उस पूरे इतिहास को पढ़-सुनकर बड़े हुए हैं, लेकिन आज जो बच्चा अठारह से बीस वर्ष का भी है, उसे आज़ादी के इतिहास का ज्ञान नहीं है और यह बात मैं ऐसे ही नहीं कह रही हूं। आज से दस वर्ष पहले 1997 में हमने आज़ादी की 50वीं वर्षगांठ मनाई थी। उस समय हमारे पार्टी के अध्यक्ष श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी ने एक स्वर्ण जयन्ती रथ यात्रा निकाली थी। मैं पंद्रह दिन उस यात्रा मे उनके साथ थी। उनके रथ पर स्वतंत्रता-संग्रामियों के चित्र लगे हुए थे। जहां कहीं भी वह रथ रुकता था, वे नवीं-दसवीं के

बच्चों से जाकर पूछते थे—बताओ इनमें से किस-किस को पहचानते हो? दुख होता है यह कहते हुए कि चार-पांच से ज्यादा चित्रों को बालक पहचान नहीं सकते थे। जैसे अगर हम पश्चिम बंगाल में गए, तो सुभाष जी का चित्र पहचाना गया, हम झांसी के पास से निकले, तो लक्ष्मीबाई का चित्र पहचाना गया, लेकिन पूरे हिंदुस्तान में स्वतंत्रता संग्रामियों के चित्रों को बच्चे पहचानते नहीं थे। मैं आज आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूं कि यह जो 150वां सालगिरह का वर्ष है, इसमें हमें इस तरह की नीति बनानी चाहिए कि टी॰वी॰ धारावाहिकों के माध्यम से, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से, भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से, क्विज़ कांटेस्ट्स के माध्यम से बच्चों को इस पूरे इतिहास की जानकारी दें। मैं तो चाहूंगी कि एच॰आर॰डी॰ मिनिस्ट्री एक ऐसी योजना बनाए, जहां इस वर्ष में बच्चों को जलियांवाला बाग से लेकर अंडमान-निकोबार तक के शहीद स्थलों के दर्शन कराए जाएं, ताकि उन्हें पता चले कि हमने किस कीमत पर यह आज़ादी हासिल की है और उसके साथ ही एक और बात कहना चाहूंगी कि अभी केवल साठ वर्ष ही हुए हैं, जब हमने अंग्रेजों को यहां से भगाया था। उपसभाध्यक्ष महोदय, कभी अनजाने अनसोचे अनचाहे हम अपने हाथ से सत्ता विदेशियों को ने सौंप दें। अगर हमने ऐसा किया, तो स्वर्ग में बैठे उन अगणित शहीदों की आत्माएं कलपेंगी, दुखी होंगी, हमारी नासमझी और नादानी पर आंसू बहाएंगी और ताज़िंदगी हमें माफ नही करेंगे। महोदय, जो राष्ट्र अपने नायकों को भूल जाता है, वह राष्ट्र बरबाद हो जाता है, इस छोटी सी चेतावनी के साथ मैं इस अभिभाषण पर अपनी बात को आगे बढ़ाती हूं।

उपसभाध्यक्ष जी, मैंने इस अभिभाषण को आदि से अंत तक पूरा पढ़ा है। कई बार पढ़ा है और मैं एक बात कह सकती हूं कि अभिभाषण विरोधाभासों का दस्तावेज़ है, A bunch of contradications और जितनी बार मैं इसको पढ़ती थी, एक नया विरोधाभास मेरे सामने उभरकर खड़ा हो जाता था। मैं यह बात कहने के लिए नहीं कह रही हूं। मैं इस अभिभाषण में से एक-एक उदाहरण देकर इस आरोप को, अपनी इस बात को पुष्ट करना चाहूंगी। सबसे पहले पैराग्राफ में हमें एक विरोधाभास दिखाई पड़ता है, बढ़ती हुई विकास दर बनाम बढ़ती हुई महंगाई का। महोदय, सरकार अपने अर्थ-प्रबंधन से बहुत खुश दिखाई पड़ती है। आर्थिक समीक्षा में भी वह खुशहाली झलकती है और इस अभिभाषण में भी। राष्ट्रपति महोदय अपना भाषण शुरू करते हुए कहते हैं कि हम आज अपने आर्थिक क्रिया-कलापों और भविष्य के संबंध में अत्यधिक आशावादिता के माहौल में एकत्र हुए हैं। पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय आय में आठ प्रतिशत से अधिक की औसत वृद्धि हुई है। उन्हें एक तरफ आशावादिता का माहौल दिखता है, लेकिन जब मैं अगला पैराग्राफ मुद्रास्फीति पर पढ़ती हूं तो मुझे लगता है कि अर्थशास्त्री डा॰ मनमोहन सिंह और प्रधान मंत्री डा॰ मनमोहन सिंह के मन में एक द्वन्द चल रहा है। अर्थशास्त्री डा॰ मनमोहन सिंह बढ़ी हुई विकास दर को देखकर आत्ममुग्ध हैं, लेकिन प्रधान मंत्री

डा॰ मनमोहन सिंह बढ़ती हुई महंगाई के लिए चिंतित हैं। अर्थशास्त्री डा॰ मनमोहन सिंह जब अर्थशास्त्रियों के सम्मेलन में जाते हैं तो इसे बढ़ी हुई महंगाई को बढ़ी हुई विकास दर का द्योतक बताते हैं, एक खुशनुमा अर्थव्यवस्था का संकेत बताते हैं और महंगाई का औचित्य ठहराते हुए उसे उचित बताते हैं। लेकिन जैसे ही वे उस सम्मेलन से वापस प्रधान मंत्री कार्यालय पहुंचते हैं, तो महंगाई को कम करने के लिए विभिन्न राज्यों के मुख्य मंत्रियों को पत्र लिख डालते हैं। अर्थशास्त्री डा॰ मनमोहन सिंह का तर्क है कि जब विकास दर बढ़ती है तो लोगों की जेबों में पैसा आता है और जब जेबों में पैसा आता है, तो खरीदने की ताकत बढ़ती है, क्रय-शक्ति, परचेज़िंग पावर बढ़ती है। उस पैसे को लेकर व्यक्ति बाजार में जाता है, तो चीजों की मांग बढ़ती है और जब मांग के बराबर आपूर्ति नहीं हो पाती, तो महंगाई बढ़ती है। महोदय, यह तर्क अर्थशास्त्रियों की समझ में तो आ सकता है, लेकिन अपनी-अपनी रसोई में खड़ी, खाली डिब्बे खड़काती हुई गृहणियों की समझ में नहीं आता। गली मोहल्लों में बैठे, बिना बिछौने की खाटों पर लेटे हुए लोगों की समझ में नहीं आता। महोदय, उनका पेट तर्कों से नहीं भरता है उनका पेट आंकड़ों से नहीं भरता है। उनको अपना पेट भरने के लिए गेहूं का दाना, चावल का दाना और दाल का दाना चाहिए,लेकिन उनकी खाने की थाली में से दाल-चावल नदारद हो रहा है। उनको दूध देखने को नहीं मिलता है, इसलिए उन्हें राहत चाहिए, उन्हें समाधान चाहिए, लेकिन समाधान और राहत के नाम पर इस भाषण में कोरा आश्वासन मिला है। आश्वासन भी कैसा मिला है, मैं पढ़कर सुनाती हूं, 'मेरी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाती रहेगी कि गरीबों पर मुद्रास्फीति का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, यह हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता है।' उपसभाध्यक्ष जी, प्रतिकूल प्रभाव तो पड़ गया है। यह प्रतिकूल प्रभाव तो गरीब पर भी पड़ गया है और उस गरीब की मार का प्रतिकूल प्रभाव सरकार पर भी पड़ गया है। जिस समय यह अभिभाषण लिखा गया और उसके पढ़ने से एक दिन पहले पंजाब और उत्तराखंड के चुनाव परिणाम आ चुके थे। वे परिणाम आपके कितने प्रतिकूल गए। आप दोनों जगहों पर, जहां पर सरकार में थे, आप सत्ताच्युत कर दिए गए। आप सत्ता से बाहर कर दिए गए, तो गरीब ने तो प्रतिकूल प्रभाव आप पर भी डाल दिया है, लेकिन उसका असर वित्त मंत्री पर नहीं पड़ा। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में उस अपरिपक्वता का प्रदर्शन किया है, जिसका कोई सानी नहीं है। वे अपना बजट भाषण पढ़ते हैं और pet lovers की बात कहते हुए, आदमी का खाना और

[श्री उपसभापति पीठासीन हुए]

कुत्तों का खाना सस्ता कर देते हैं। हमें pet food घटाने से कोई ऐतराज नहीं है, आप घटाइए। सैकड़ों आइटम्स पर कस्टम डयूटी घटी है, उसमें एक यह आइटम भी जोड़ देते, लेकिन यह उनकी प्राथमिकता का प्रदर्शन है कि उन्होंने इस आइटम को इतना महत्वपूर्ण माना कि इसका उल्लेख अपनी बजट स्पीच में किया। इसे कहते हैं कि जले पर नमक छिड़कना। यह

उनकी अपरिपक्वता का प्रदर्शन है कि उन्होंने भूख से कराहते हुए लोगों पर, जो लोग राहत की बाट जोह रहे थे, ऐसी गृहणियों पर उन्होंने कुत्तों के खाने पर कस्टम ड्यूटी कम करके, डॉग विस्किट्स पर कस्टम ड्यूटी कम करके, उनके घावों पर नमक छिड़कने का काम किया है। यह पहला बिरोधाभास मैंने बताया। उपसभापति जी, बढ़ती हुई विकास दर बनाम बढ़ती हुई महंगाई का पहला विरोधाभास बताया है। अब दूसरा विरोधाभास देखिए। दूसरा विरोधाभास है, ''खाद्य सुरक्षा बनाम स्पेशल इकॉनॉमिक जोन'' का। सरकार कहती है, ''गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा बनाए रखना सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है, हमारा धर्म है, हमारी अहम नीति है''। लेकिन एक मंत्रालय, जो लक्ष्य निर्धारित करता है, दूसरा मंत्रालय उस लक्ष्य को ध्वस्त कर देता है। पैरा पंद्रह में सरकार खाद्य सुरक्षा की अपनी इस नीति का वर्णन करती है। ''मेरी सरकार गरीबों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है'' यह कहते हैं राष्ट्रपति जी। लेकिन पैरा 19 में राष्ट्रपति जी कहते हैं, ''कृषि भूमि के उचित मूल्य निर्धारण की आवश्यकता है और इसके मुद्दों पर नीति और कानून, दोनों दृष्टि से ध्यान देने की आवश्यकता है। मेरी सरकार एक नई पुनर्वास नीति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक तरफ आपकी सरकार गरीबों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, तो दूसरी तरफ आपकी सरकार कृषि भूमि के उचित मूल्य निर्धारण और पुनर्वास नीति की आवश्यकता को महसूस करती है। उपसभापति जी, मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी जब अनाज का पूर्ण भंडार हमारे यहां होगा। जब खाने के लिए दाना लोगों के पास होगा और किसी अकाल की स्थिति से निपटने के लिए भंडार में पर्याप्त अनाज होगा, तब खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह बात मेरी समझ में नहीं आती है कि आज से तीन साल पहले तक, उस कैबिनेट में मैं स्वयं मंत्री थी, जसवन्त सिंह जी मेरे साथ मंत्री थे, हर बार हमारे यहां एक प्रस्ताव आता था कि देश में इतना अनाज का भंडार है कि अनाज रखने की जगह नहीं है, इसलिए इस अनाज को समुद्र में फेंक देना चाहिए और नया अनाज भर लेना चाहिए। इसका मतलब भंडार भी भरे थे और नई आमद भी हो रही थी। फिर तीन साल में क्या ग्रहण लग गया कि सारे तो भंडार खाली हो गए, नई आवक खत्म हो गई और गेहूं का आयात करना पड़ा। मेरी समझ में आज तक यह बात नहीं आई। हम बहुत बार यह सवाल पूछ चुके हैं कि वह अनाज कहां गया? नया अनाज क्यों नहीं आ रहा है? भंडार खाली क्यों है? बाजार में कीमतें आसमान क्यों छू रही हैं? चलिए, इसका जवाब तो आप अलग से देंगे, लेकिन मैं जिस विरोधाभास की बात कर रही थी, आप खाद्य सुरक्षा की बात करते हैं, खाद्य सुरक्षा तब होगी, जब ज्यादा कृषि योग्य भूमि पर पैदावार होगी। ज्यादा कृषि योग्य भूमि कैसे बनेगी? जब असिंचित भूमि सिंचित होगी, अनइरिगेटिड लैंड इरिगेटिड होगी। आप जानते हैं हिंदुस्तान में कितनी भूमि असिंचित है और कितनी भूमि पर हम हर साल सिंचित कर रहे हैं। मैं आप ही का

दिया हुआ एक आंकड़ा दिखाना चाहती हूं। यह मेरा स्वयं का पूछा हुआ प्रश्न है। प्रश्न संख्या 252 अतारांकित प्रश्न, 27 फरवरी को उत्तर दिया गया। मैंने पूछा था, देश में राज्यवार कुल कितनी असिंचित भूमि है, जवाब आया है, देश के भीतर 85.8 मिलियन हेक्टेयर यानी 858 लाख हेक्टेयर भूमि असिंचित है, और लक्ष्य है 2.40 मिलियन हेक्टेयर का यानी 858 लाख हेक्टेयर भूमि असिंचित है, केवल 24 लाख हेक्टेयर भूमि इस वर्ष सिंचित करने का लक्ष्य हम लोगों ने रखा है। अगर इस गति से भूमि सिंचित होगी तो सारी भूमि को सिंचित होने में पैंतीस वर्ष लग जाएंगे। लेकिन असिंचित भूमि को सिंचित करना एक बात, जो सिंचित भूमि है, जो उर्वरा भूमि है, जो उपजाऊ भूमि है, जो धन धान्य वसुन्धरा है, जो आपको लहलहाती फसल दे रही है, उसे आप अधिगृहीत कर रहे हैं या बेचने की अनुमति दे रहे हैं। इसीलिए मैंने आपसे कहा था कि आपकी कंज्यूमर अफेयर्स मिनिस्ट्री लक्ष्य रख रही है गरीबों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने का और आपकी कॉमर्स मिनिस्ट्री लक्ष्य रख रही है कृषि भूमि से उजड़े हुए लोगों के पुनर्वास का। मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि यह जो असिंचित भूमि है, क्या यह उद्योगों के लिए नहीं दी जा सकती? उर्वरा भूमि अधिगृहीत करना जरूरी है क्या? उपसभापति जी, मुझे दुख होता है कि हमारे वामपंथी साथी, सदियों से जिनके मुंह से हम एक ही स्वर सुनते आए कि संदक इमसवदहे जव जपससमतेण आज उनका भी सुर बदल गया। आज वे भी कहने लगे कि संदक इमसवदहे जव उपससमतेण कभी सिंगूर घटता है, कभी नंदीग्राम घटता है। उर्वरा भूमि, उपजाऊ भूमि किसानों से लेकर अगर आप उद्योगों के लिए दे देंगे, स्पेशल इकोनॉमिक जॉंस के लिए दे देंगे, रोजगारों के अवसर सृजन करने के नाम पर किसानों को बेरोजगार करने का सरकार ने ठेका नहीं ले रखा है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि यह खाद्य सुरक्षा बनाम सेज़ का विरोधाभास समाप्त करिए। अगर आप वाकई खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहते हैं, तो जितनी भूमि कृषि के नीचे है, खेती के नीचे है उसको बने रहने दीजिए और यह जो असिंचित भूमि है, इसको सिंचित करके और पैदावार बढ़ाने का काम करिए, तब जाकर यह विरोधाभास समाप्त होगा।

उससभापति जी, मैं तीसरा विरोधाभास बताती हूं — कृषि ऋण बनाम किसान हत्याओं का। कृषि ऋण के लिए पैराग्राफ नं. 17 — यह सरकार कहती है कि हमारे पास कृषि ऋण के लिए बहुत उपलब्धता है। बजट में भी यह बात कही गई और राष्ट्रपति अभिभाषण में भी यह बात कही गई। लेकिन उपसभापति जी, प्रतिदिन किसानों की आत्महत्याओं में वृद्धि हो रही है और प्रदेशों में भी वृद्धि हो रही है। गिल साहब बैठे हैं। गिल साहब, मैं एक गल कही सी पंजाब विच जाके कि सानु इस गल दा गर्व सी कि पंजाब दे विच आत्महत्यावां नहीं हुंदियां। पर कैप्टन ने यह अभिमान भी साडे तो खो लिता। उपसभापति जी, अभी तक तो आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक और विदर्भ, इन प्रदेशों के नाम आत्महत्याओं से जुड़े हुए थे। लेकिन मुझे दुख होता है कि अब उत्तर प्रदेश का बुंदेलखण्ड और हमारा समृद्ध प्रान्त पंजाब आत्महत्याओं के घेरे में आ गए। पंजाब

ज़ैसे प्रदेश का नाम किसानों की आत्महत्याओं के साथ जुड़ जाए, इससे बड़ी शर्मनाक बात नहीं हो सकती। गृह मंत्री जी, जरूरत है किसान को इस भंवर से उबारने की, लेकिन आप तो किसान को और कर्ज में फंसाने की बात कर रहे हैं। मुझे एक बात का दुख हुआ। देखिए, पैराग्राफ 17 में क्या लिखा है — "एक विशेषज्ञ दल कृषि ऋणग्रस्तता की समस्या की जांच कर रहा है और वह त्रस्त किसानों को राहत देने के उपाय सुझाएगा।" संकोच होना चाहिए ऐसी बात लिखते हुए। उपसभापति जी, आप इस पीठ पर बैठते हैं। जब हम अन्दर विषयों की पहचान करते हैं, आप वहां बैठे होते हैं। हर सत्र में farmers' suicide का विषय identify किया गया और चर्चा भी हुई। लोग कहते थे कि और किसी विषय पर चर्चा न हो, farmers' suicide पर चर्चा जरूर होनी चाहिए। जो संसद हर सत्र में किसानों की समस्या के लिए, किसानों की आत्महत्याओं के ऊपर चर्चा कर रही है, उस संसद में खड़ी हुई सरकार कहती है कि विशेषज्ञ दल अभी जांच कर रहा है, उपाय सुझाएगा। कब वह जांच पूरी होगी, कब वे उपाय किए जाएंगे, कब उन उपायों के ऊपर नीति बनेगी, कब उस नीति पर अमल होगा और कब किसान अपनी आत्महत्या करना बंद करेंगे। इस एक वाक्य को पढ़ कर मेरे मन में केवल ग़ालिब का वह शेर उभरा, जिसको आज़मी साहब कह सकेंगे, appreciate कर सकेंगे।

"यह तो माना कि तग़ाफ़ुल न करोगे लेकिन
खाक हो जाएंगे हम तुमको ख़बर होने तक।"

मुझे मालूम है कि यह सरकार बेवफाई नहीं करेगी, कहती है, लेकिन जब तक वफादारी करेगी, तब तक किसान भस्म हो चुके होंगे, चिता की राख बन चुकी होगी। यह तीसरा विरोधाभास है किसान के ऋण बनाम किसानों की आत्महत्याओं का।

उपसभापति जी, मैं चौथा विरोधाभास आपके सामने रखती हूं। ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक। उसका बहुत गाना गाया गया। बहुत गाना गया। क्या है वह विधेयक? क्या प्रदान करता है वह विधेयक? पहले तो हम उसका खुलासा कर लें। इस अभिभाषण में उसको सामाजिक सुरक्षा कवच कह कर पुकारा गया है। ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक का पैराग्राफ नं॰ 10 है — सामाजिक सुरक्षा कवच। ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम गरीबों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के साथ-साथ ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण के लिए एक बड़े कार्यक्रम के रूप में उभरा है। महोदय, पहले मैं यह बता दूं कि यह विधेयक क्या है। पहली बात, यह विधेयक शहरों पर नहीं, केवल ग्रामीण क्षेत्र पर लागू है। ग्रामीण क्षेत्रों में 200 जिलों में लागू है जिसे अभी 330 किया है, लेकिन राष्ट्रपति अभिभाषण में 200 जिलों तक लागू है यानी दो-तिहाई भारत अभी इस से अछूता है। यह केवल एक-तिहाई भारत पर लागू है और यह कार्यक्रम एक बड़े कार्यक्रम एक बड़े कार्यक्रम के रूप में उभरा है। महोदय, एक-तिहाई क्षेत्र में, जहां यह लागू है,

वहां इस विधेयक ने क्या दिया, यह सुन लीजिए। इस विधेयक के तहत सौ दिनों का गारंटी रोजगार दिया। इस विधेयक के तहत सौ दिन का निश्चित तौर पर रोजगार दिया जाएगा और वेतन 60 रुपए रोज दिया जाएगा। उपसभापति जी, अगर हम असंभव को संभव मान लें तो पूर 200 जिलों में यह रोजगार मिलता, सौ दिन का पूरा रोजगार मिलता, एक रुपए के 18 पैसे नहीं, पूरे 60 रुपए वेतन मिलता। अब पूरे 60 रुपए वेतन मिलता तो क्या मिलता — 100 x 60 यानी 6 हजारे रुपया। अब वर्ष में 12 महीने होते हैं और अगर 6000 को 12 से तकसीम करें तो 500 रुपए निकलता है। अब यह विधेयक 500 रुपए देता एक परिवार को, एक household को, तो आप पहले मुझे यह बता दीजिए कि यह विधेयक सब कुछ देता तो क्या 500 रुपया आज के जमाने में एक परिवार के तन ढकने और पेट भरने के लिए काफी है? यह मजाक नहीं है, लेकिन चलिए हम मान लेते हैं कि अगर इस पर पूरा अमल हो जाता है और सौ दिन का रोजगार भी मिल जाता, 60 रुपए का वेतन भी मिल जाता, तो भी हम कहते कि जो विधेयक ने कहा था, वह मिल गया।

आप जानते हैं बजट भाषण में इस विधेयक की क्या समीक्षा उभरकर आयी है, जो एक बड़े कार्यक्रम के रूप में उभरा है?

PROF. P.J. KURIEN (Kerala): Are you objecting to that programme? ..(*Interruptions*).. I am just asking this question. ..(*Interruptions*).. I only asked one question. ..(*Interruptions*).. Are you objecting to that programme? This is what I wanted to know.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: I am not opposing that. I am only elaborating that law. I am not opposing that law. I am only explaining that law. अगर मैंने उस में कुछ गलत कहा है तो बताइए? आप ने 100 नहीं 500 दिया था, आप ने 60 रुपया नहीं 100 रुपया दिया था। महोदय, जो दिया था वह मैंने बताया। मैंने कहा कि यह टोटल दिया था, मगर मिला क्या? बजट की समीक्षा में आया है साढ़े 37 दिन का रोजगार इस विधेयक के माध्यम से मिला। यह मैं नहीं कह रही हूं, यह बजट समीक्षा के बाद टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट है। Rural plan fails to honour guarantee. Average of 37.5 mandays work provided against promised hundred. इसका हैडिंग है 'Flop Show'. यह हैडिंग मैंने नहीं लगाया है, यह भारतीय जनता पार्टी का समाचार पत्र नहीं है, न यह हमारे पार्टी कार्यालय से निकलने वाला भा॰ज॰पा॰ समाचार या बी॰जे॰पी॰ टुडे की रिपोर्ट है। यह टाइम्स ऑफ इंडिया है और इसे आप बहुत ''प्रो बी॰जे॰पी॰ पेपर'' भी नहीं कह सकते। इसलिए उपसभापति महोदय, मैं आप से कहना चाहती हूं कि जिस ग्रामीण रोज़गार गारंटी विधेयक पर लाखों नहीं, करोड़ों रुपया प्रचार पर खर्च किया गया था, बड़े-बड़े होर्डिंग्स के साथ

अखबारों में विज्ञापन छप रहे थे, टी०वी० पर उसका विज्ञापन आज तक चल रहा है। मैंने भी परसों देखा। एक महिला सिर पर टोकरी रखकर ''चलो री चलो गांव में काम आया है'' बोलती जा रही है। यह है उस गांव में काम आने का फ्लॉप शो जिस में सिर्फ साढ़े 37 mandays of work मिलता है। यह है आप के ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक का विरोधाभास - साढ़े 37 दिन का रोजगार। यह चौथा विरोधाभास मैंने आप के सामने रखा। अब इसके आगे मैं एक और विरोधाभास की बात करने जा रही हूं।

सर, पैरा 26 में अल्पसंख्यकों की बात की गई है। सरकार के अन्दर अल्पसंख्यकों की घरेलू नीति और विदेश नीति में बहुत बड़ा विरोधाभास है। उपसभापति जी, जब भी कोई सरकार आती है, तो वह अपना एक थीम निर्धारित करती है, अपना एक लक्ष्य निर्धारित करती है और अपनी नीतियां उस थीम को पूरा करने के लिए, उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बनाती है। यह सरकार जब आई तो इसने अल्पसंख्यकों के वोटों पर आंखें गड़ाईं और अल्पसंख्यकों के वोट बटोरने के प्रयास शुरू किए। उसी प्रयास में से निकला - मजहब पर आधारित आरक्षण; उसी प्रयास में से निकला - गोधरा कांड पर बनर्जी कमेटी का गठन; उसी प्रयास में से निकला - अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं का रिजर्वेशन से एग्जेमप्शन; उसी प्रयास से हो रहा है - बे-खौफ धर्मांतरण और उसी प्रयास में से निकला - सच्चर कमेटी का गठन। लेकिन जब सच्चर समिति सामने आ गई, तो सरकार मुंह छिपाने लगी, क्योंकि वह समिति इन तथाकथित मुस्लिम हितैषियों को इनका आइना दिखा रही थी। हमने पिछली बार बहुत कहा कि इस रिपोर्ट पर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन सरकार दाएं-बाएं कर के निकल गई। इस राष्ट्रपति अभिभाषण में उन्होंने कहा है कि हम चर्चा कराएंगे। देखें, चर्चा होती है या नहीं। कम-से-कम मेरा मन तो नहीं मानता कि चर्चा होगी, क्योंकि उस समिति में इनका एक ऐसा चेहरा उभरकर आएगा, खास तौर पर उन लोगों का, जो मुस्लिम समुदाय के सबसे ज्यादा पैरोकार बनते हैं। देश में दो राज्यों के मुस्लिमों को सबसे ज्यादा बदहाली की हालत में दिखाया गया। उनमें एक है पश्चिम बंगाल और दूसरा है बिहार। पश्चिम बंगाल, जहां पिछले 25 वर्षों से वामपंथियों का शासन है और बिहार, जहां 15 वर्षों तक आर०जे०डी० का शासन रहा है। हम चाहते हैं कि उस पर चर्चा हो, क्योंकि वह रिपोर्ट पूर्वाग्रहों और दुराग्रहों से ग्रस्त है। वह रिपोर्ट देश के नए विभाजन की नींव डालने का काम करती है। हम निश्चित रूप से यह चाहते हैं कि उस पर चर्चा हो। अभी तक जो हमने बी०ए०सी० में विषय पहचाने हैं, उनमें उस विषय को सच्चर समिति के नाम से तो सरकार ने नहीं माना, लेकिन status of minorities के नाम से माना है, लेकिन, अगर चर्चा होगी तो उसकी विकृतियों और विसंगतियों को हम लोग सामने निकाल कर रखेंगे।

उपसभापति जी, घरेलू नीति, पर मुस्लिम वोट बटोरने का यह प्रयास चल रहा है, लेकिन सरकार जैसे ही अमेरिका की तरफ उन्मुख होती है, ये सारे प्रयास धराशायी हो जाते हैं। जब अमेरिकी राष्ट्रपति बुश भारत आते हैं, तो भारत की संसद एक संयुक्त अधिवेशन में उनके भाषण का आयोजन नहीं करवा सकती, क्योंकि उसे मालूम है कि अगर वह ऐसा करवाएगी, तो हिन्दुस्तान का मुसलमान उससे विमुख हो जाएगा, उसको वोट नहीं देगा। यह अमेरिका-परस्ती इतने तमाम प्रयासों के बावजूद देश के मुसलमान भाईयों के गले नहीं उतर रही है और सरकार इस द्वंद्व में ग्रस्त है कि घरेलू नीति चलाए या विदेशी फ्रंट पर अमेरिका-परस्त नीति चलाए।

सर, अब मैं छठे विरोधाभास की बात करती हूं-शिक्षा के आवंटन बनाम शिक्षा पर लगे एजुकेशन सेस की। उपसभापति महोदय, बजट आ गया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद हमने देखा, प्राइम मिनिस्टर डा॰ मनमोहन सिंह जी ने कहा—Education and health are the cornerstones of this Budget वित्त मंत्री जी ने भी शिक्षा पर कई पैराग्राफ लिख डालें उनकी यह बजट स्पीच मेरे पास है। सर्व शिक्षा अभियान, जिसका सब वक्ताओं ने जिक्र किया, उस पर क्या आवंटन हुआ है-10 हजार 671 करोड़ रुपए। यह देखिए। In Para 15 of the Budget Speech, it is mentioned: Sarva Shiksha Abhiyan and Mid-day Meal Scheme: Out of this amount, Sarva Shiksha Abhiyan will be provided Rs. 10,671 crores. 10 हजार 671 करोड़ बहुत ज्यादा लगता है कि वित्त मंत्री जी ने शायद इतना पैसा दे दिया। उपसभापति जी, उन्होंने अपनी जेब से नहीं दिए। जो एजुकेशन सेस लगाया था, मैंने यह जानना चाहा कि उससे कितना पैसा आया, क्योंकि सेस तो हमेशा एडिशनल अमाउंट देता है? तो मैंने बजट दस्तावेजों में से Expenditure Volume 1 निकाला और उसमें मुझे वह 10,393 करोड़ का आंकड़ा मिल गया तथा वह आंकड़ा बजट स्पीच में टैली भी हो गया। उससे बिल्कुल अगले पैराग्राफ में यह लिखा है—The transfer to Prarambhik Shiksha Kosh will increase from Rs. 8746 crore to Rs. 10,793 crores. एग्जैक्ट रिकन्साइल कर दिया वह आंकड़ा। अब मुझे आप बताइए कि 10,393 करोड़ रुपया आपका एडिशनल सेस से आता है और 10,671 करोड़ रुपया वित्त सर्व-शिक्षा अभियान के लिए देते हैं, तो अपनी जेब से क्या देते हैं? 300 करोड़ से कम, और जब सेस नहीं लगा था, तब भी तो हम शिक्षा के लिए आवंटन करते थे, लेकिन आज इस सारे के सारे पैसे का बोझ आपने आम जनता पर डाल दिया है। यह 10,693 करोड़ रुपया आपको एजुकेशन सेस से मिलता है और आप 10,671 करोड़ रुपया सर्वशिक्षा अभियान के लिए दे देते हैं। यही खेल आगे उच्च शिक्षा में किया जा रहा है। उच्च शिक्षा के लिए 6,483 करोड़ रुपये का आवंटन किया है, लेकिन उसके साथ ही अतिरिक्त उपकर लगा दिया, एक परसेंट एडिशनल सेस लगा दिया। अगर 10,393 को बेंच मार्क मान लें, तो अतिरिक्त उपकर से 5,200 करोड़ रुपया और आ जाएगा। आपने अपनी जेब से क्या दिया? 1200 करोड़ रुपया।

उपसभापति महोदय, यह वैश्वीकरण का युग प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा का युग है। इसमें हर देश अपनी ताकत की पहचान कर रहा है कि किस क्षेत्र में मेरी शक्ति है, मैं उसका संवर्द्धन करूं, तभी प्रतियोगिता में टिक पाऊंगा भारत ने बहुत सही तौर पर ज्ञान को अपनी ताकत के रूप में पहचाना है। हम नॉलेज इकोनोमी की बात कर रहे हैं, हम ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की बात कर रहे हैं। हमने एक ज्ञान-आयोग का गठन किया है, लेकिन आपको क्या लगता है कि इतनी बड़ी प्रतियोगिता यह 6,493 करोड़ रुपए से पूरी होगी। यहां तो हमें इतना ह्यूज इन्वेस्टमेंट करना होगा, जैसे एनडीए सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट में केवल सड़कों का जाल बिछाने के लिए 1,60,000 करोड़ की योजना बनाई थी। उस कमय लोग पूछते कि पैसा कहां से आएगा? आज खुद सरकार कह रही है कि 2,22,000 करोड़ रुपया हमने सड़कों पर खर्च कर दिया है। इसलिए यह 6,400 करोड़ रुपए का मामला नहीं है, यह 1,06,400 करोड़ का मामला है। आज मेधावी और प्रतिभावान छात्र हमारी पूंजी है। अगर इन्हें हमें संभालकर रखना है, अगर इनकी ताकत हमें बढ़ानी है, तो मैं सरकार से यह कहना चाहूंगी कि हर राज्य में एक-एक आईआईटी, एक-एक आईआईएम, एक-एक एम्स देने का काम करिए, ताकि हर राज्य के अंदर बच्चे इस नॉलेज इकोनोमी में अपना कंट्रीब्यूशन, अपना योगदान कर सकें, लेकिन मुझे दुख से कहना कहना पड़ता है कि यह एक-एक आईआईटी, एक-एक आईआईएम, एक-एक एम्स क्या देंगे?

उपसभापति महोदय, वर्ष 2003 में जब मैं स्वास्थ्य मंत्री हुई थी, यहां जसवन्त सिंह जी बैठे हैं, इनकी अपार कृपा से, मैं ''अपार कृपा'' शब्द हृदय से कह रही हूं और वह इसलिए कि दसवीं पंचवर्षीय योजना की वह स्कीम नहीं थी, जब मैं वर्ष 2003 में आई थी, तो पंचवर्षीय योजना बन चुकी थी। वह दसवीं पंचवर्षीय योजना की स्कीम नहीं थी, लेकिन मैंने जाकर इनसे कहा कि जसवन्त सिंह जी, मैं देश में 6 एम्स बनाना चाहती हूं, लेकिन यह स्कीम टेन्थ फाइव ईयर प्लान की स्कीम नहीं है । इन्होंने कहा कि क्या हुआ, सुषमा जी, अगर टेन्थ फाइव ईयर प्लान में कोई स्कीम नहीं आई, तो क्या वह दूसरी स्कीम रुक जाएगी, आप आगे बढ़िए। मैंने कहा — पैसा बहुत लगेगा। बोले—मैं दूंगा, जितने मर्जी की स्कीम बनाकर आप लाइए। वह स्कीम थी 6 एम्स की और उसमें केवल भाजपा शासित राज्य नहीं थे, जिसमें मैंने एम्स दिया था— छतीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तीनों जगह कांग्रेस शासित राज्य थे। उत्तरांचल में दिया, बिहार में राजद की सरकार थी, तीनों कांग्रेस शासित राज्य थे, एक उड़ीसा में एनडीए का राज्य था, भाजपा शासित राज्य नहीं था इन 6 पिछड़े राज्यों की पहचान की थी और 10 महीनों की अवधि में योजना भी बना दी, इन-प्रिंसिपल एप्रूवल भी ले ली, उसके बाद जमीनों का आवंटन भी करवा लिया, जमीनों का शिलान्यास भी करवा दिया और इनके बजट भाषण में बजट मद भी बनवा दी थी, जिसमें से 6 करोड़ रुपया ले लिया गया, एक-एक करोड़ रुपए की चारदीवारी

भी खड़ी कर दी गई। आपको लगता है इतनी सुपर हाई स्पीड से कम हो सकता है? मगर यह हुआ। यह सच है, दस महीने में योजना तैयार होकर वहां चारदीवारी खड़ी हो गई थी, लेकिन पिछले तीन साल से प्रतीक्षा चल रही है कि आगे कोई ईट तो किसी एम्स में लग जाए। इन चारदीवारियों से कोई एकाध ईट निकालकर जरूर ले गया होगा, लेकिन आगे एक ईट का भी निर्माण इन 6 एंम्स में सरकार नहीं करवा पाई, और हम बात करते हैं शिक्षा की। इसलिए, मैं आपसे कहना चाहती हूं कि उन 6 AIIMS का निर्माण तो कराइए ही, लेकिन एक-एक IIT, एक-एक IIM और एक-एक AIIMS हर राज्य को देने का काम करिए, तब इस प्रतियोगी युग में भारत टिका रह सकेगा।

उपसभापति महोदय, अब अगले विरोधाभास की बात करती हूं, जो महिला आरक्षण बनाम महिला विकास का है, पैरा 30, गृह मंत्री जी, सिर्फ पांच मिनट के लिए यह सुनते जाइए, क्योंकि यह आपसे ही जुड़ा मुद्दा है। आप बहुत कृपालु हैं कि आप बैठे रहे, वरना मुझे तो लग रहा था कि सत्ता पक्ष की बैंचों पर लोग नहीं हैं, प्रस्तावक, अनुमोदक नहीं हैं, पर चलिए, आप चूंकि सबको कम्पनसेट कर रहे थे, अगले दोनों पैराग्राफ मैं आपको सम्बोधित कर रही हूं। पैरा 30पर बाद में आऊंगी, राम देव भंडारी जी आ जाएं, फिर बात करुंगी। पैरा 13- महिला और बाल विकास मंत्रालय। उपसभापति जी, राष्ट्रपति जी, राष्ट्रपति जी कहते हैं '' महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले तथा उन्हें घरेलू हिंसा से बचाने वाले ऐतिहासिक विधान बनाए गए हैं। गृह मंत्री जी, ऐतिहासिक विधान की तो हम इंतजार कर रहे हैं बनाए तो रूटीन के विधान गए हैं। जब संसद बैठती है, सरकार चलती है, तो लेजिस्लेशन तो आते हैं, बिल तो बनते हैं। हम हर सत्र में बीसियों बिल पास करके उठते हैं और बीसियों बिल संसद बना रही है। एक ऐतिहासिक विधान बना था 73वें, 74वें संशोधन के माध्यम से, जब ग्राम पंचायतों से लेकर नगर पालिकाओं के, नगर निगमों के मेयर तक 33 फीसदी का आरक्षण महिलाओं के लिए किया गया था, लेकिन पिछले 11 वर्ष से हम ऐतिहासिक विधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मुझे दुख है कि तीन वर्ष पहले तक उस ऐतिहासिक विधान का एक प्रारूप तो था, ड्राफट देखकर तो खुश हो लेते थे, सोचते थे कि शायद कभी न कभी चर्चा भी हो जाएगी, लेकिन पिछले तीन वर्षों से तो हम इस ऐतिहासिक विधान के प्रारूप को भी तरस गए हैं महिला आरक्षण विधेयक का एक ड्राफट बिल भी हमारे सामने नहीं है। क्यों नहीं है? क्योंकि जो लोग हमारे ड्राफट बिल को संसद में फाड़ा करते थे, वे अब कैबिनेट में बैठे हैं, वे कैबिनेट से ही उसको निकलने नहीं देते, कैबिनेट में ही सहमति नहीं हो पा रही। एक भी ड्राफट बिल आप कहां यहां लाकर नहीं रख सके। उपसभापति जी, कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है, यह संयोग है कि मैं उसकी पूर्व संध्या पर अपनी बात कह रही हूं। लेकिन मुझे शर्म आती है, एक आंकड़ा IPU के माध्यम से परसों पढ़ने को मिला IPU— Inter Parliamentary Union ने यह आंकड़ा जारी किया है। पूरी दुनिया में 189 देश

हैं। आप जानते हैं गृह मंत्री जी कि महिला प्रतिनिधित्व के क्षेत्र में भारत का नम्बर क्या है? 108वां पड़ोसी पाकिस्तान हमसे ऊपर है और थोड़ा-बहुत ऊपर नहीं है, बल्कि उसका स्थान 48वां है। पाकिस्तान महिला प्रतिनिधित्व के क्षेत्र में 48वें नम्बर पर और भारत, विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र, 108 वें नम्बर पर, क्या यह शर्म की बात नहीं है। 10 प्रतिशत से कम का आरक्षण, 10 प्रतिशत से कम का प्रतिनिधित्व। 1996 में बिल आया था, देवेगौड़ा जी के समय रखा गया, गुजराल जी के समय रहा, हमारी दो सरकारें आई 1998 में, 1999 में, लेकिन लोक सभा डिजॉल्व हो जाती थी, बिल चला जाता था, दोनों बार रखा गया और संसदीय कार्य मंत्री के नाते तो मैंने आर्डर पेपर पर चर्चा के लिए भी रख दिया था, लेकिन तीन साल से हम तरस रहे हैं, बिल का कोई प्रारूप भी नहीं आया। मैं आपसे कहना चाहती हूं कि आप जो सुरक्षा की बात करते हैं, सशक्तिरण की बात करते हैं, आर्थिक सशक्तिकरण या सामाजिक सुरक्षा तब तक नहीं हो सकती, जब तक महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण नहीं होगा और अगर एक बार आप राजनीतिक सशक्तिकरण कर देगें तो फिर उन्हें किसी से सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। वे स्वयं एक तिहाई यहां बैठी होंगी, वे अपने विधान स्वयं बना लेंगी, अपनी सुरक्षा स्वयं कर लेंगी। लेकिन आज, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से एक दिन पहले, जब यह तस्वीर उभरकर आई है कि भारत का 108वां नम्बर है, तो कम से कम कल, जब अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है, आज रात को बात करके, जहां-जहां आपको बात करनी है, अगर कल आप यह आश्वासन दे दें कि बजट के इस सत्र में, पहले खंड में तो मैं नहीं कहती, वह अव्यवहारिक होगा,.....। और बीच में रिसेस आ रही है, उसके बाद दूसरा खंड आ रहा है। कल हमारे यहां प्रधान मंत्री जी जवाब देने आ रहें है। अगर अपने जवाब में कल वह हमें इतना आश्वासन दे दें कि बजट के सत्र के द्वितीय खंड में वह इस बिल को ला कर पारित करवाएंगे, तो निश्चित तौर पर मैं यह कहूंगी कि राष्ट्रपति अभिभाषण पर मेरा बोलना सफल हो गया है।

उपसभापति जी, इसमें आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र का एक और विरोधाभास उभरा है, वह भी आपसे संबंधित है, इसलिए मेहरबानी होगी अगर आप पांच मिनट और बैठें।

मैं पैरा 42 को कोट करना चाहूंगी। पूरा पैराग्राफ तो मैं नहीं पढ़ूंगी, लेकिन केवल एक ही बात कहना चाहूंगी, राष्ट्रपति जी कहते हैं,

''जहां हमारी सुरक्षा तथा आसूचना एजेंसियों ने आतंक फैलाने के आतंकवादी गुटों के कई प्रयासों को सफलतापूर्वक नाकाम किया है, वहीं मुम्बई तथा असम में और अभी हाल ही में, समझौता एक्सप्रेस पर हमले की दुखद और कायरतापूर्ण आतंकी घटनाएं हुई हैं। मेरी सरकार सामने आई इन सभी चुनौतियों से सख्ती से निपट रही है।''

यह सत्य नहीं है,यह बिल्कुल सत्य नहीं है। सख्ती भरे बयान तो टीवी पर जरूर सुनाई पड़ते हैं, लेकिन मालूम नहीं आपने एमओएस को क्या जिम्मेदारी दे रखी है कि वह टेलिविज़न पर

ज्यादा दिखाई देते हैं और दफ्तर में कम काम करते हैं। मुझे नहीं मालूम लेकिन जब ट्राज़ैक्शन ऑफ बिज़नेस रूल्स में आबंटन किया जाता है, तो एक जिम्मेदारी उन्हें यह दी गई है कि जब भी कोई बड़ी घटना हो तो जा कर टीवी पर बोलना शुरू कर दें। टीवी पर सख्ती भरे बयान जरूर दिखाई पड़ते हैं, लेकिन अगर आप कहते हैं कि सरकार इन चुनौतियों से सख्ती से निपट रही है, तो यह बात सत्य से परे है।

उपसभापति जी, आतंकवाद से लड़ने के लिए विश्व के तमाम देशों ने विशेष कानून बनाए हैं, कम से कम इससे उनकी नीयत तो पता चलती है कि वे आतंकवाद से लड़ना चाहते हैं। लेकिन यह अकेली सरकार है और भारत अकेला ऐसा देश है जहां पर बने हुए कानून को रद्द किया जाता है और जब पूछा जाता है कि कानून क्यों रद्द कर रहे हो, तो एक ही वाक्य का तर्क दिया जाता है कि पोटा मुस्लिम विरोधी है। नहीं, गृह मंत्री जी, पोटा मुस्लिम विरोधी नहीं था, पोटा मुजरिम विरोधी था और मुजरिम का कोई मज़हब नहीं होता। वह न हिन्दू होता है न मुसलमान, न ईसाई, न सिख, मुजरिम केवल मुजरिम होता है। एक तो आज विशेष कानून हैं नहीं और अगर किसी पुराने कानून के कारण अदालत ने फैसला दे दिया तो उस फैसले पर अमल करने की हिम्मत नहीं है।

आप अफज़ल की फांसी को और कितने दिनों तक रोके रहेंगे?कितने दिन? क्या इससे बड़ी दुर्घटना कोई हो सकती है कि वह संसद, जो लोकतंत्र का मंदिर कहलाती है, उसकी पूरे की पूरी लीडरशिप को कोई व्यक्ति समाप्त करने का प्रसास करे। एक अदालत, दूसरी अदालत, तीसरी अदालत, उसे फांसी की सज़ाएं देती जाएं और उसके बाद वह एक पुनरीक्षण याचिका दायर करे, उसे भी सुप्रीम कोर्ट रद्द कर दे, सरकार किस चीज़ का इंतजार कर रही है? आप चुनाव निकालना चाहते हैं? कितने चुनाव निकालेंगे?

मैं आपको एक बात और बताना चाहती हूं, जब आप यह कहते हैं, साथ ही लोग यह तर्क देते हैं कि मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सरकार ऐसा कर रही है, तो मुझे दु:ख होता है, क्योंकि ऐसा करके आप हिन्दुस्तान के मुस्लिमों की राष्ट्रभक्ति पर प्रश्न चिहन लगा रहे हैं। देश का कौन सा मुसलमान ऐसा कहता है कि देश के एक आतंकवादी मुसलमान को फांसी मत दो? क्या किसी आम मुस्लिम नेता या आम आदमी ने आपसे यह आ कर कहा? आप उनकी राष्ट्रभक्ति पर सवालिया निशान लगाते हैं, जब आप यह कहते हैं कि यूपी का चुनाव निकल जाने दिया जाए, उसके बाद फांसी की बात होगी। इसलिए मैं आपसे कह रही हूं कि आंतरिक सुरक्षा का यह विरोधाभास बहुत दुखद रूप में इस अभिभाषण के अन्दर सामने निकल कर आया है, क्योंकि विरोधाभास कथनी और करनी का भी है, विरोधाभास सोच का भी है।

उपसभापति जी, अब मैं अंतिम पैराग्राफ पर आती हूं। वह तो विरोधाभासों से भरा पड़ा है ...(व्यवधान)

गृह मंत्री (श्री शिवराज वी. पाटिल): आप बहुत अच्छे ढंग से अपनी बात कह रही हैं। आपके विचारों से सहमत नहीं होते हुए भी, जिस प्रकार से आप अपने विचार प्रस्तुत कर रही हैं, उसके लिए मैं आपका अभिनन्दन करता हूं। सिर्फ एक बात मैं कहना चाहूंगा आंतरिक सुरक्षा के बारे में कि हम जब आंकड़े देकर आपको बताते हैं तो कहते हैं कि आंकड़े क्यों दे रहे हो। आप चर्चा मांगते हैं और हम चर्चा के लिए तैयार हो जाते हैं और चर्चा करने के बाद हम जो बताना चाहते हैं तो वह सुनने के लिए आप नहीं बैठते हैं। उसके बाद हम लिखित रूप से आपको देते हैं और पढ़ने में देरी हो जाए इसलिए ग्राफ के रूप में दे देते हैं। शायद उतना आप देख लें और फिर बताएं कि आंतरिक सुरक्षा का मामला सुधरा है या बिगड़ा है।

श्रीमती सुषमा स्वराज: गृह मंत्री जी, जहां तक आपके आंकड़ों का सवाल है, आपको मालूम है कि मैं तो स्वयं कमेटी ऑन होम की चेयर पर्सन हूं। इसलिए मैं तो उन आंकड़ों को आदि से अंत तक पढ़ती हूं। मैं यहां आंकड़ों की बात नहीं कर रही हूं, मैं उस वाक्य की बात कर रहीं हूं कि जहां आपने कहा है कि हम सख्ती से निबट रहे हैं। वहां मैंने आपको एक प्रसंग बताकर यह कहा कि क्या इसीको सख्ती से निबटना कहते हैं। मैंने तो केवल इतनी बात का जवाब मांगा कि एक व्यक्ति जिसने संसद पर हमला किया, जिसको फांसी की सजा सुनाई गई है तीनों अदालतों से, जिसकी पुनरीक्षण याचिका भी समाप्त और रद्द कर दी गई, उसकी फांसी अगर आप रोके हुए बैठे हैं तो क्या ऐसी सरकार यह दावा कर सकती है कि हम आंतरिक सुरक्षा को सख्ती से निबट रहे हैं। मैंने तो केवल एक बात के ऊपर अपनी बात कही, और बाकी लम्बी बात जब जवाब देंगे तब बता दीजिए।

उपसभापति जी, मैं अंतिम पैरा पर आ रही हूं। मैंने कई विरोधाभासों का जिक्र किया। यह अंतिम पैराग्राफ है तो छोटा, लेकिन यह अकेला पैराग्राफ है, तीन-तीन विरोधाभासों को उजागर करता है। पहला, सरकार में सुधार, इसे अधिक पारदर्शी और उत्तराकारी बनाना तथा भ्रष्टाचार के कैंसर का उन्मूलन समग्र विकास की किसी भी नीति के अनिवार्य तत्व हैं। मैं तो एक सीधा सा सवाल पूछती हूं बहुत छोटा सा, गृह मंत्री जी, क्या आपकी सरकार भ्रष्टाचार को कैंसर मानती है, क्या आपकी सरकार भ्रष्टाचार को, मंत्रिमंडल में दागी मंत्रियों को शामिल करने में, भ्रष्ट मंत्रियों को संरक्षण देने में इस सरकार का कोई सानी नहीं है। उपसभापति महोदय, पहली बार हुआ है कि एक केबिनेट मिनिस्टर कत्ल का दोषी पाया जाए, सजा मिल जाए, सजा के लिए जेल काट रहा हो, लेकिन वह अभी तक माननीय सांसद बना हुआ है। प्रधान मंत्री में यह हिम्मत नहीं कि जेल काट रहे एक मिनिस्टर से एम. पी. शिप से इस्तीफा लें। यह एक सांसद की बात है।...**(व्यवधान)**...मंत्री कौन है, यह मैं बताऊं। आपको यह भी नहीं पता कि कौन है, मैं किसकी बात कर रही हूं। और हर रोज एक नया तत्व सामने आ जाता है। अभी कल रात को खुलासा हुआ कि कांग्रेस के एक सांसद भारत के नागरिक नहीं, पत्नी की हत्या के अपराध में दोषी जेल काटते हुए सांसद बने बैठे हैं। उपसभापति महोदय, मैं पूछना चाहती हूं कि पांच हजार रुपए की रिश्वत लेने पर यह संसद ...**(व्यवधान)**

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Can you yield for a minute? Mr. Deputy Chiarman, Sir, there was a chargesheeted Minister in the NDA Government....(*Interruptions*).

श्री एस. एस. अहलुवालिया (झारखण्ड): सर, अगर वे बोलेंगे तो .....*(व्यवधान)*

श्री उपसभापति: उन्होंने यील्ड किया है।

SHRI V. NARAYANASAMY: As Shrimati Sushma Swaraj was Parliamentary Affairs Minister in the NDA Government, she will also agree with me that there were Ministers who had been chargesheeted. They were holding important positions, the highest positions, in the Government. That was the situation in the NDA Government also.

श्रीमती सुषमा स्वराज: नारायणसामी जी, मुझे आपकी तुलना पर हंसी आती है, कम से कम कोई प्रसंग बराबर का तो लेकर आते chargesheeted Ministers were in the Cabinet.' मैं कह रही हूं एक व्यक्ति मर्डर का दोषी, हाई कोर्ट से चार्जशीटेड नहीं हाई कोर्ट से सजा याफ्ता और सजा के लिए कंविक्ट होने के बाद जेल में और वह मेंबर बना हुआ है, वह सांसद है। इसका कोई सानी कोई बराबर में आपका, एन.डी.ए. में आप बताना चाह रहे हैं। और कल जो निकला वह भारत का नागरिक नहीं, पत्नी का हत्यारा और बैठा है संसद् में और मैं आपसे यह पूछना चाह रही थी कि केवल पांच हजार रुपए की रिश्वत प्रश्न पूछने के लिए लेने के अपराध में इस संसद् ने दस सदस्यों को निकाल बाहर कर दिया।

पांच हजार रुपये की रिश्वत, केवल प्रश्न पूछने के लिए लेने के अपराध में, इस संसद ने 10 सदस्यों को निकाल बाहर कर दिया, उनकी सदस्यता समाप्त कर दी, लेकिन एक मर्डर का दोषी व्यक्ति, जेल काटने वाला व्यक्ति सांसद बना हुआ है, यह विरोधाभास नहीं है, तो और क्या है? .... (व्यवधान)....मैंने तो निकाल दिया था। .... (व्यवधान).... मैंने तो निकाल दिया था। ....(व्यवधान)....सभ्रवाल जी,...(व्यवधान)....एक मिनट। एक मिनट।....(व्यवधान).... सभ्रवाल जी, मैं जिस कमेटी की मेम्बर थी, उसमें मेरी ही पार्टी का व्यक्ति फंसा हुआ था और मैंने निकाल दिया था। अगर किसी एक को मोह होता, तो मुझे हो सकता था। उसे पहले दिन निकाल दिया था। यह विरोधाभास नहीं है, तो और क्या है? मैं अब इस पैराग्राफ के दूसरे विरोधाभास की ओर आती हूं। पहला विरोधाभास अंतिम पैराग्राफ का, क्या भ्रष्टाचार को कैंसर मानते हो, ऐसे-ऐसे लोग पाले हुए हैं और उनको कहते हो कि भ्रष्टाचार कैंसर है। दूसरा विरोधाभास है - सूचना का अधिकार अधिनियम हमारे नागरिकों को सशक्त बनाने का एक साधन है। सूचना के अधिकार की आप बात करते हो, गृह मंत्री जी, और 17-17 दिन संसद् से, देश से, अदालतों से एक महत्वपूर्ण सूचना को छुपाते हैं, यह विरोधाभास नहीं, तो और क्या है?

उपसभापति जी, जिस समय मैंने विदेशी मूल का प्रश्न उठाया था, तो एक वाक्य कहा था, शायद देश के लोग भूल गए हों। मैंने यह कहा था कि सामान्य समय में सब कुछ ठीक चलेगा, लेकिन जिस दिन कभी भारत और इटली का हित टकरायेगा, उस दिन यह कहावत चरितार्थ होगी, Blood is thicker than water...(**व्यवधान**)...

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश): बिल्कुल गलत है।...(**व्यवधान**)...आप बिल्कुल गलत बोल रही हैं। ....(**व्यवधान**)....

श्री उपसभापति: आप बैठ जाइये।.....(**व्यवधान**).....

श्रीमती सुषमा स्वराज: आज यह बात सामने आई कि एक व्यक्ति भारत का अभियुक्त है। जांच एजेंसियों ने उसके लिए इंटरपोल को रेड कार्नर नोटिस दिया है और वह व्यक्ति अर्जेंटीना में किसकी जमानत पर छूटता है, इटली का राजदूत अपनी जेब से जमानत देता है।...(**व्यवधान**)... यह विरोधाभास नहीं, तो और क्या?..(**व्यवधान**)...

श्रीमती विप्लव ठाकुर: उपसभापति महोदय,...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बैठ जाइये। ....(**व्यवधान**).....आप क्या.....(**व्यवधान**)....

श्रीमती सुषमा स्वराज: यह विरोधाभास नहीं, तो क्या है? ....(**व्यवधान**).....तीसरे, इसी पैराग्राफ में हमको राष्ट्रपति कहते हैं - आपका यह दायित्व हो जाता है कि आप हमारे लोकतंत्र की महान संस्थाओं के मार्फत यह सुनिश्चित करें कि हमारे देश के लोगों को बेहतर प्रशासन मिले। इस वर्ष संसद् की कार्यवाही के सार्थक संचालन के लिए मेरी हार्दिक शुभ कामनाएं।

उपसभापति जी, मैं पूछना चाहती हूं कि क्या इस सरकार का लोकतंत्र की संस्थाओं में विश्वास है? तीन-तीन दिन यह संसद् नहीं चल पाई, हम केवल एक चीज चाह रहे थे कि प्रधान मंत्री जी या विदेश मंत्री जी आकर के अपनी बात कहें। प्रधान मंत्री जी और विदेश मंत्री जी अपने कक्ष में बैठे रहे, संसदीय कार्य राज्य मंत्री को भेज दिया। उपसभापति महोदय, अगर हमारे चेयरमैन साहब पहल नहीं करते, तो शायद संसद की कार्यवाही चल नहीं पाती। ...(**व्यवधान**)... यह तो प्रधान मंत्री जी की उपस्थिति का लाभ उठाकर उन्होंने उन्हें कक्ष में बुला लिया, बीच-बचाव का रास्ता निकाला और संसद् की कार्यवाही चल पड़ी। लेकिन मैं आपके माध्यम से पूछना चाहती हूं कि लोकतंत्र में कुछ पार्लियामेंट्री प्रोपराइटीज भी होती हैं। उन पार्लियामेंट्री प्रोपराइटीज का यह तकाजा है कि जब रेल बजट पर चर्चा हो रही हो, तो रेल मंत्री उपस्थित हों, जब बजट पर चर्चा हो रही हो, तो वित्त मंत्री जी उपस्थित हों, उसी पार्लियामेंट्री प्रोपराइटीज का तकाजा है कि जब राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर चर्चा हो रही हो, तो प्रस्तावक और अनुमोदक उपस्थित हों।

मैं परसों से देख रही हूं। प्रस्तावक और अनुमोदक पर तो प्रधान मंत्री स्वयं आकर बैठे, लेकिन कल नेता, प्रतिपक्ष बोल रहे थे, तब भी नदारद और आज भी नदारद। जो सरकार स्वयं लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान नहीं कर सकती, जो सरकार संसदीय गरिमाओं का पालन नहीं कर सकती, वह हमें लोकतांत्रिक दायित्व सिखाती है। यह विरोधाभास नहीं तो और क्या है? इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं, मैंने प्रारम्भ में ही कहा था कि यह राष्ट्रपति अभिभाषण विरोधाभासों का पुलिंदा है और मैं एक-एक बात को अभिभाषण से उद्धत करके बताऊंगी। मैंने एक-एक बात अभिभाषण के अंश से उद्धत की है, एक भी बात अलग से नहीं कही और अपने उस आरोप को पुष्ट किया है कि इस अभिभाषण में कथनी और करनी का विरोधाभास भी है और सोच की दुविधा भी । इसलिए इस सरकार को मुखातिब करके मैं केवल चार पंक्तियां कहना चाहती हूं। आजमी साहब बैठे नहीं हैं, वरना वे इसको ऐप्रिशिएट कर सकते थे।

श्री उपसभापति: प्रभा ठाकुर जी बैठी हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराज: प्रिंसिपल साहब बैठे हैं, वे ऐप्रिशिएट करेंगे। प्रभा जी भी बैठी हैं। प्रभा जी, आपकी सरकार को मुखातिब करके चार पंक्तियां पेश करती हूं:

नजर, उनकी, जुबां उनकी,

ताज्जुब है कि इस पर भी,

नजर कुछ और कहती है,

जुबां कुछ और कहती है।

श्री गांधी आजाद (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद उपसभापति महोदय, मैं महामहिम राष्ट्रपति जी का अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से स्वागत और अभिनंदन करते हुए भाषण के कुछ बिन्दुओं पर अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं। महोदय, अभिभाषण के पैरा-तीन में कहा गया है कि पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय आय में आठ प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है और आगे 9 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। यह एक सराहनीय कार्य है, मैं इसकी प्रशंसा भी करता हूं। लेकिन एक प्रश्न उठता है कि इस वृद्धि का कितना अंश गरीबों के पास और कितना अमीरों के पास पहुंचता है? इसका विश्लेषण करने की जरूरत है और इस पर अगर चिंतन किया जाए तो आज इस देश की आबादी सौ करोड़ से ज्यादा है जिसमें से केवल एक प्रतिशत से कम लोगों के पास देश की आर्थिक संपदा का 80 प्रतिशत भाग है और 99 प्रतिशत से ज्यादा लोगों के पास 20 प्रतिशत से कम आर्थिक सम्पदा है। यह एक चिंतन और मनन का विषय है। इसका परिणाम आजादी के बाद से हमारे सामने दिखाई दे रहा है कि अमीर अमीर

3.00 P.M.

होता जा रहा है और गरीब गरीब होता जा रहा है तथा अमीर-गरीब की खाई बढ़ती चली जा रही है। चंद लोग खा-खा करके मरने की ओर अग्रसर हैं तो ज्यादा लोग खाने के बगैर मरने को मजबूर हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि समय रहते इस विषमता पर अंकुश लगाने की जरूरत है नहीं तो इसका बुरा परिणाम देश के सामने आने वाला है क्योंकि 'मरता क्या नहीं करता' को हम रोक नहीं पाएंगे इसलिए इस आर्थिक विषमता को कम करने के लिए कोई कारगर उपाय करने की आवश्यकता है और इस पर सरकार को बल देने की जरूरत है। आर्थिक विकास ही अपने आपमें उद्देश्य नहीं होना चाहिए। यह एक माध्यम है, जिसके द्वारा हमें अधिक रोजगार पैदा करने, देश की आय को सामाजिक समूहों और क्षेत्रों में अधिक समानता से बांटने तथा सर्वाधिक निर्धनों को, गरीबी, अज्ञानता और रोग के दुखों से निजात दिलाने की शीघ्र आवश्यकता है। अभिभाषण के पैरा-चार के अंतिम भाग में कहा गया है कि ''मेरी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाती रहेगी कि गरीबों पर मुद्रास्फीति का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। यह हमारी दृढ प्रतिबद्धता है।''

किंतु सरकार द्वारा कोई ऐसा कदम वास्तव में नहीं उठाया गया है, जिससे मुद्रा-स्फीति का कुप्रभाव गरीबों पर पड़ने से रोका जा सके, इसलिए देश के कोने-कोने से गरीबी और भूखमरी के कारण आज देश में जो आत्महत्याएं हो रही हैं, उसे रोकने में सरकार विफल है और मेरी राय में कोई कारगर उपाय करने की जरूरत है।

महोदय, अभिभाषण के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की काफी सराहना करते हुए कहा गया है कि देश के दो सौ जिलों में चल रही इस स्कीम से 1.4 करोड़ से अधिक परिवारों को फायदा पहुंचा है। जब इस देश में लगभग 25 प्रतिशत अर्थात् लगभग 25 करोड़ से ज्यादा लोग बेरोजगारी के शिकार हों और उनमें से केवल 1.4 करोड़ परिवारों को केवल सौ दिन की रोजगार गारंटी योजना हो, मेरी राय में यह काफी नहीं है और यह ऊंट के मुंह में जीरा दिखाने को चरितार्थ करता है। अत: इस स्कीम का और विस्तार करने की आवश्यकता है, इस पर बल देने की जरूरत है।

महोदय, अभिभाषण के पैरा 12 में सर्व शिक्षा अभियान और मध्याह्न आहार कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए आवंटित निधियों में अत्यधिक वृद्धि हुई है। यह एक सराहनीय काम है, लेकिन इसके उपरांत भी देश के सभी विद्यालयों में यह व्यवस्था नहीं है। राजकीय विद्यालयों से कहीं ज्यादा प्राइवेट, सरकारी वित्त-विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय इस देश में शिक्षा में योगदान कर रहे हैं, किंतु मध्याह्न आहार कार्यक्रम से वंचित रहते हैं। मेरी राय में इस योजना के क्रियान्वयन में सभी विद्यालयों की भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है।

उपसभापति महोदय, सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के बालक और बालिकाओं को शिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है, किंतु यदि सही मायने में सर्वेक्षण कराया जाए, तो इन्हीं वर्गों में ज्यादातर अशिक्षा, निरक्षरता और अज्ञानता है, जिसके कारण यही वर्ग जागरूकता की कमी के कारण शोषण का शिकार होता है। अत: सरकार को विशेष ध्यान देकर इन्हें जागरुक करके शोषण से उबारने की जरूरत है।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कृषि में निवेश बढ़ाकर उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करके किसानों की आय बढ़ेगी और वे समृद्ध होंगे, मेरी राय में खेतिहर किसानों के प्रति सरकार का उदार रुख जरूर है, किंतु अभिभाषण में कहीं भी चर्चा भूमिहीन किसानों की नहीं की गई हैं जो किसान पूरे परिवार सहित कृषि का कार्य करते हैं, उनके पास सिर छिपाने के लिए नीली छतरी के अलावा एक इंच ज़मीन भी नहीं रहती है। आज अगर इस देश में ऐसे किसानों की आबादी देखा जाए, तो जो भी कृषि में लगी हुई आबादी है, उसमें 25 से 30 प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जिन्हें सामंती जुल्म और ज्यादती का शिकार होना पड़ता है और गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन करना पड़ता है और पशुओं से भी खराब जीवन जीने को मजबूर होना पड़ता है, अत: सरकार को ऐसे भूमिहीन किसानों के विषय में चिंतन करने की जरूरत है। मेरी राय में आज देश में काफी कृषि योग्य ज़मीन पड़ी हुई है, भूमि-सुधार करके ऐसी ज़मीनों को भूमिहीन किसानों में वितरित करके उनकी समस्या का समाधान करने की जरूरत है। इससे देश की खाद्यान्न समस्या को भी हल किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी, उस दौरान हमारी नेता, बहन कुमारी मायावती जी ने भूमिहीन कृषकों को तीन-तीन एकड़ का पट्टा देकर, उन पर कब्ज़ा दिलाकर लगभग दस लाख परिवारों को रोज़गार देने का काम किया। मेरी राय में सरकार द्वारा ऐसे ही सभी प्रदेशों में भूमि-सूधार करके किसानों को, भूमिहीन किसानों को भूमि उपलब्ध कराकर, उनको रोज़गार भी मुहैया कराया जा सकता है और देश के खाद्यान्न में भी आत्मनिर्भर हुआ जा सकता है, जिससे कि उत्पादन बढ़ जाने से आज किसानों द्वारा जो आत्महत्याएं हो रही हैं, वे अपने आप रुक जाएंगी। अभिभाषण के पैरा-24 मेरी सरकार सामाजिक न्याय और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों के सामाजिक, स्वैच्छिक और आर्थिक सशक्तिकरण को अधिक महत्व देती है। मैं इस सदन के माध्यम से और आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि इस देश का सामाजिक ढांचा ही गलत है। जब सामाजिक ढांचा ही गलत है तो सामाजिक न्याय की आशा करना, न्यायसंगत नहीं है, बल्कि एक धोखे समान है। इस देश को जो सामाजिक ढांचा है, वह जातिवाद, वर्गवाद, ब्राह्मणवाद और मनुवाद पर सीढ़ीनुमा खड़ा है। इसका परिणाम सामाजिक विषमता का भयावह रूप, आज देश के सामने खड़ा है। इसलिए अब देश को सामाजिक न्याय नहीं

बल्कि सामाजिक परिवर्तन की जरूरत है, जिसके माध्यम से पैदा हुए संतों और महापुरूषों के सपनों को साकार करते हुए, समतामूलक समाज बनाया जा सके। इस भारत देश में 2500 वर्ष पहले गौतम बुद्ध पैदा हुए थे, उन्होंने कहा था कि इंसानों की जातियां नहीं होती हैं । चौदहवीं शताब्दी में हमारे देश में बहुत सारे संत पैदा हुए थे। उनमें प्रमुख संत कबीर दास, संत रविदास, संत दादू, संत नानक थे और मोहम्मद साहब थे। इन सभी संतों ने कहा था कि इंसानों की जातियां नहीं होती हैं, सब इंसान बराबर होते हैं। हमारे देश में 18वीं शताब्दी में बहुत से महापुरूष पैदा हुए, जिनमें प्रमुख थे, महात्मा ज्योति बा फूले, पैरिया रामास्वामी नायकर, नारायणा गुरू, छत्रपति साहू ही महाराज और बाबा साहेब डा॰ अम्बेडकर, इन सभी लोगों ने कहा था कि इंसानों की जातियां नहीं होती हैं। बाबा साहेब डा॰ अम्बेडकर ने तो यहां तक कहा था कि जातिविहीन समाज की स्थापना के बिना स्वराष्ट्र की कल्पना करना भी निरर्थक है। उन्हीं संतों की बात को आगे बढ़ाने के लिए आज मान्यवर कांशी राम जी, जो कि हमारे बीच में नहीं हैं एवं बहन कुमारी मायावती जी मंच से नारा लगाती हैं, 'जाति तोड़ो, समाज जोड़ो'। मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि जो जाति तोड़कर भ्रमता मूलक समाज बनाने का अभियान चलाने की बात करता है, उसी को मीडिया के लोग जातिवादी की संज्ञा देते हैं और जिन्होंने जातियां बनाई है, उन्हें समाजवादी की संज्ञा देते हैं। मेरी सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित खाली पदों के बैकलॉग को भरने में काफी प्रगति की है और शेष खाली पदों को भरने के लिए कटिबद्ध है। मेरी राय में यह एक छलावामात्र है। आजादी के बाद से आज तक प्रथम श्रेणी से लेकर चतुर्थ श्रेणी तक बैकलॉग देश या प्रदेश में कहीं भी पूरा नहीं हुआ है। पहले कहा गया कि able candidates not available, योग्य candidates नहीं हैं, इसलिए आरक्षण कोटा पूरा नहीं किया जा रहा है। जब हजारों सालों से पढ़ने-लिखने के लिए दरवाजे बंद किए थे, तो कहां से able candidates पैदा होंगे? मैं संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डा॰ अम्बेडकर को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने सारे समाज के लिए पढ़ने-लिखने के दरवाजे खोले और 1935 में एक एक्ट बना, तब सारे शूद्र समाज के लोगों को और स्त्री समाज को पढ़ने-लिखने का अवसर मिला। आज उसका यह परिणाम है कि सभी able candidates हैं, लेकिन जो सत्ता के पोषक लोग हैं और जिनकी मानसिकता खराब है, कोई न कोई lacuna लगाकर, आज भी आरक्षण पूरा नहीं करना चाहते हैं। आज एक दूसरा lacuna पैदा हो गया है कि able but not suitable for the post. Able तो हैं, योग्य तो हैं, लेकिन जिस पद के लिए योग्य होना चाहते हैं, उस पद के योग्य नहीं हैं, इसलिए आज भी कोटा या आरक्षण पूरा नहीं किया गया है। आज हर गली और मोहल्ले में able भी हैं और suitable भी है, लेकिन आज न नौकरी able को मिल रही है और न suitable को मिल रही है? आज नौकरी ट्रेसेबल हो गई है। ट्रेस किया जा रहा है। इसके लिए दो तरीके हैं, सबसे बड़ा रुपया

या सबसे बड़ा भैया। इन दोनों के अभाव में यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का बैकलॉग कहीं भी पूरा नहीं हो पा रहा है। इसलिए मैं आपको इस सदन के माध्यम से बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में जब बहुजन समाजवादी पार्टी की सरकार थी, बहिन कुमारी मायावती, देश के सबसे बड़े प्रदेश की मुख्य मंत्री थीं तो उत्तर प्रदेश में भी बैकलॉग का विशेष अभियान चलाया गया था। लगभग पच्चीस हजार नौकरिया देकर विशेष अभियान के दौरान बैकलॉग भरने का काम किया था। आज देश में महिलाएं अनेक उत्पीड़न की शिकार हैं। देश में महिलाएं अनेक उत्पीड़न की शिकार हैं, बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। विचार ही नहीं बल्कि निवारण करने की जरूरत है। अत: इस प्रत्याशा में कि सरकार देश में गरीबों, शोषितों, पीड़ितों, मजलूमों, महिलाओं एवं बच्चों के ऊपर हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक विषमता को दूर करने के साथ ही साथ इस देश में काफी अरसे से सामाजिक विषमता के शिकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों, को सामाजिक परिवर्तन के माध्यम से मुख्यधारा में लाने का प्रयास करेगी, इसी आशा और विश्वास के साथ मैं अभिभाषण का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Ravula Chandra Sekar Reddy. You have 16 minutes. *(Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASAMY: You speak only on the subject. *(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has got 16 minutes. Don't disturb him.

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY (Andhra Pradesh): Sir, if he goes on disturbing, I will take 30 minutes.

